# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

RNI Reg. No.-CHHHIN/2009/36148
डाक पंजीयन क्र.-45/Surguja Dn/2024-26

वर्ष - 17 ■ अंक - 64 ■ अम्बिकापुर, शुक्रवार 27 फरवरी 2026 पृष्ठ -8 ■ मूल्य - 1 रूपये

WWW.cgfrontline.com


## मोमिनपुरा में 47 व्यक्तियों की जांच, एक में मिला पीलिया का लक्षण

### 35 सैंपलों की जांच में एक सैंपल में बैक्टीरिया एक्सेप्टेबल रेंज से ऊपर मिला

**▪ दो फिल्टर प्लांट के माध्यम से 32.5 एमएलडी शुद्ध पेयजल की हो रही आपूर्ति**

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अंबिकापुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक-40, मोमिनपुरा में 47 व्यक्तियों की जांच में केवल एक व्यक्ति के सैंपल में पीलिया के लक्षण मिले हैं। वार्ड से संकलित पानी के 35 सैंपलों की जांच में सिर्फ एक सैंपल में बैक्टीरिया एक्सेप्टेबल रेंज से ऊपर मिला है। शहर में दो फिल्टर प्लांट्स के माध्यम से 32.5 एमएलडी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है।

अंबिकापुर नगर निगम के आयुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में 106 करोड़ 98 लाख रुपये की लागत से मिशन अमृत-1 के अंतर्गत पेयजल आपूर्ति योजना लागू की गई है। इसका कार्य पूर्ण हो गया है एवं संचालन-संधारण का कार्य प्रगतिरत है। योजना के तहत ग्राम सोहगा में इंटेकवेल का निर्माण कर कतकालो में 15 एमएलडी का जल शोधन संयंत्र बनाया गया है। मिशन अमृत-1 के अंतर्गत 10 लाख लीटर क्षमता का ग्राउंड लेवल स्टोरेज



रिजर्वायर (जीएलएसआर) बनाया गया है। 4 नवीन पानी टंकियों का निर्माण कर तथा विभिन्न साइजों के लगभग 241 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाकर जल प्रदाय किया जा रहा है। शहर के सभी 48 वार्डों में आवश्यकतानुसार पाइप लाइन का विस्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि निगम क्षेत्रांतर्गत कुल 32.5 एमएलडी जल प्रदाय किया जाता है। इसमें तकिया आधारित पुरानी जल प्रदाय व्यवस्था अंतर्गत पीवीसी एवं एसीपी पाइप लाइन को बदला गया है। पुराने डीआई पाइप को परिवर्तित नहीं किया गया था। जिस स्थान पर डीआई पाइप खराब हो गया था, वहां पर इन्हें बदला गया है। निर्माण एजेंसी द्वारा कार्य पूर्ण कर दिया गया है। निगम आयुक्त ने बताया कि मोमिनपुरा में 40-45 पीलिया के मरीज होने की सूचना के तत्काल बाद अंबिकापुर नगर निगम द्वारा स्वास्थ्य विभाग से जानकारी प्राप्त की गई एवं तुरंत प्रभावित क्षेत्रों का भ्रमण व संदिग्ध घरों का चिन्हांकन करते हुए 23 फरवरी और 24 फरवरी को कुल 35 पानी के सैंपल एकत्रित कर अंबिकापुर शासकीय मेडिकल कॉलेज में ई-कोलाई बैक्टीरिया की जांच के लिए भेजा गया। इसमें केवल एक सैंपल में बैक्टीरिया की मात्रा एक्सप्टेबल रेंज से ऊपर पाई गई। शेष 34 निर्धारित रेंज के भीतर एवं सुरक्षित पाई गई। निगम द्वारा प्रभावित इलाकों से सैंपल जांच के लिए पीएचई के एनएबीएल लैब सूरजपुर और राज्य स्तरीय लैब रायपुर में परीक्षण के लिए भेजा गया है, जिसकी रिपोर्ट अभी अप्राप्त है। आयुक्त ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से 23 फरवरी को प्रभावित क्षेत्र में स्वास्थ्य शिविर लगाकर 47 संदिग्ध पुरुषों एवं महिलाओं के ब्लड सैंपल लेकर पीलिया की जांच की गई। जांच के बाद केवल एक व्यक्ति में पीलिया के लक्षण पाए गए। अगले दिन 24 फरवरी को भी प्रभावित क्षेत्रों से 32 ब्लड सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए हैं। दो की मृत्यु अन्य बीमारियों के कारण हुई है। निगम द्वारा प्रभावित क्षेत्र में लगातार गंदगी एवं नाली सफाई, जल प्रदाय नेटवर्क में लीकेज का पता कर सुधार कार्य किया जा रहा है। शहर के अन्य स्थानों से भी पानी का सैंपल लेकर जांच कराई जा रही है। वर्तमान में अंबिकापुर शहर में कहीं भी व्यापक संक्रमण या महामारी की स्थिति नहीं है।

### नेता प्रतिपक्ष के आरोपों को एमआईसी सदस्य ने बताया भ्रामक



नगर पालिक निगम अंबिकापुर के मोमिनपुरा तथा नवागढ़ क्षेत्र में दूषित पानी सप्लाई के नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद के आरोपों को नगर निगम एमआईसी जल प्रदाय प्रभारी जितेंद्र सोनी ने भ्रामक व पूर्णतः असत्य बताया है। उन्होंने जारी बयान में कहा है कि नेता प्रतिपक्ष बिना किसी आधार के आम जानता के बीच अफवाह फैलाकर भय का वातावरण बनाने की कोशिश कर रहे हैं, जो अत्यंत घातक और गंभीर है। उन्होंने बताया कि पिछले 22 फरवरी को जब से समाचार पत्रों की सुर्खियों में जब यह मामला आया, नगर निगम के अमले ने प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल भ्रमण कर संभावित घरों से नल के पानी का सैंपल इकट्ठा किया और जांच के लिए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर व सूरजपुर एनएबीएल केंद्र में भेजा, जिसकी जांच रिपोर्ट भी आ गई है। जांच रिपोर्ट में पानी के सभी सैंपल मानक पर खरे उतरे हैं। रिपोर्ट में पानी से किसी भी प्रकार की बीमारी की आशंका नहीं जताई गई है। उन्होंने कांग्रेस तथा नेता प्रतिपक्ष द्वारा अंबिकापुर शहर में दूषित जल प्रदाय से पीलिया महामारी का अफवाह फैलाने की गंदी राजनीति करने का आरोप लगाया है, और आम जनता को कांग्रेस के झूठे अफवाहों से सावधान रहने की सलाह दी है। जितेन्द्र सोनी ने कहा है कि निगम क्षेत्र में कांग्रेस ने अपने कार्यकाल में अमृत जल मिशन पाइप लाइन का काम कराया, जिसमें अनियमितता और भ्रष्टाचार किसी से छिपा नहीं है। वर्तमान निगम सरकार जब विकास कार्य के साथ जन-जन की चिंता कर रही है तो भ्रम फैलाने का कार्य किया जा रहा है। इस तरह के कृत्य के लिए नेता प्रतिपक्ष को नगरवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

## अनियंत्रित ट्रेक्टर की चपेट में आने से शिक्षिका की मौके पर मौत, मासूम गंभीर

### कौशलपुर मोड़ पर हुआ हादसा

**छ.ग.फ्रंटलाइन सूरजपुर।** गुरुवार की सुबह जिले के कौशलपुर मार्ग स्थित मोड़ पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रैक्टर की चपेट में आने से एक शिक्षिका की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि उनका 6 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से आहत हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रैक्टर क्रमांक यूपी 12 बीडब्लू 2352 तेज रफ्तार से सूरजपुर की ओर से रामानुजनगर जा रहा था। कौशलपुर मोड़ पर चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और सड़क किनारे खड़ी स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। स्कूटी पर सवार शिफा त्रिपाठी पति केदारपाल निवासी रायपुर, वर्तमान में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भुवनेश्वरपुर में शिक्षिका के पद पर कार्यरत थी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि उनकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। हादसे में उनका 6 वर्षीय पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद



से उसे तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामानुजनगर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर मासूम को डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को जब्त कर चालक के विरुद्ध लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। हादसे के बाद विद्यालय में शोक की लहर दौड़ गई। स्कूल के विद्यार्थी और शिक्षक शिक्षिका के असामयिक निधन से स्तब्ध हैं और रो-रोकर उनका स्मरण कर रहे हैं।

स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि दुर्घटनास्थल के मोड़ पर चेतावनी संकेतक, स्पीड ब्रेकर और ट्रैफिक नियंत्रण व्यवस्था की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। वहीं नगर में शोक का वातावरण व्याप्त है और लोग दिवंगत आत्मा की शांति तथा घायल बालक के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना कर रहे हैं। ज्ञात हो कि जिस ट्रेक्टर से यह हादसा हुआ है वह लकड़ी ढुलाई के लिए अनियंत्रित रफ्तार से जा रहा था। इन दिनों जिले के कई क्षेत्रों में बाहर से आए लकड़ी तस्करों के द्वारा बेखौफ होकर यूकेलिप्ट्स पेड़ों की कटाई व परिवहन का कार्य ट्रैक्टरों के माध्यम से किया जा रहा है। ओव्हर लोड व अनियंत्रित रफ्तार की इन ट्रैक्टरों पर किसी जिम्मेदार विभाग का अंकुश नहीं है। आए दिन लोग इनकी रफ्तार के शिकार होकर चोटिल हो रहे हैं और गुरुवार को शिक्षिका हादसे का शिकार हो गई, उनका पुत्र गम्भीर रूप से आहत है। लोगों ने तत्काल इस पर अंकुश लगाने की मांग की है।

## संभागायुक्त ने ली सी.एस.आर. मद की समीक्षा बैठक

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा संभागायुक्त नरेंद्र दुग्गा की अध्यक्षता में बुधवार को सी.एस.आर. मद की बैठक आयोजित की गई। उन्होंने उपस्थित सर्व संबंधितों से सी.एस.आर. मद के प्राप्त प्रस्ताव की जानकारी ली। उन्होंने पिछले दो वित्तीय वर्ष में सीएसआर मद से स्वीकृत किए गए कार्यों, पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी ली तथा प्रगतिरत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सीएसआर प्रपोजल पर शीघ्र कार्रवाई हेतु उपस्थित संबंधितों को निर्देशित किया और स्पष्ट किया कि प्रस्तुत प्रपोजल जनहित, आवश्यकता व प्रभावित क्षेत्रों में ध्यान में रखकर बनाए गए हैं, इसलिए प्राथमिकता के साथ इनकी आपूर्ति करना सुनिश्चित करें। इस दौरान उपायुक्त आर.के. खूंटे, एसईसीएल बैकुंठपुर, चिरमिरी, विश्रामपुर के एरिया प्रबंधक, एएम हसदेव एरिया, राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड के डिप्टी सीई एवं कार्यपालन अभियंता सहित अन्य उपस्थित रहे।




# कलेक्टर पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का ने किया आकस्मिक निरीक्षण





**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेंद्र कटारा ने पीएमश्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भेलवाडीह का आकस्मिक निरीक्षण कर शैक्षणिक गतिविधियों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्राचार्य से विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों की संख्यात्मक जानकारी ली तथा उन्होंने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया।

कलेक्टर ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई तथा भविष्य की योजनाओं के संबंध में चर्चा की। उन्होंने बच्चों से पूछा कि वे बड़े होकर किस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते हैं। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक और आत्मविश्वास एवं सहजता के साथ प्रश्नों का उत्तर दिया। इस अवसर पर कलेक्टर ने अपने स्कूली जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को निरंतर परिश्रम, अनुशासन और लक्ष्य के प्रति समर्पण के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने कंप्यूटर लैब, साइंस लैब एवं एआई लैब का अवलोकन कर उपलब्ध संसाधनों और उपकरणों की स्थिति का निरीक्षण किया, साथ ही संसाधनों के समुचित उपयोग के निर्देश दिए। तत्पश्चात उन्होंने रसोई कक्ष का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के लिए बनाए गए भोजन की गुणवत्ता का परीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कटारा ने पीएमश्री मद अंतर्गत प्राप्त आवंटन एवं उसके व्यय की समीक्षा भी की। कलेक्टर ने संस्था के सुचारू संचालन हेतु प्राचार्य को आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त सुश्री समीक्षा जायसवाल उपस्थित रही।

# खेत से चोरी हुए ट्यूबवेल चोरी मामले में दो युवक गिरफ्तार

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** ग्राम पंचायत तुलसी के एक किसान के खेत से चोरी हुए ट्यूबवेल पंप के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया है।आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया मोटर पंप और वारदात में प्रयुक्त सामान बरामद किया गया है। लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत तुलसी निवासी 62 वर्षीय बृजलाल यादव ने गत दिनों रिपोर्ट दर्ज कराया था कि उनके खेत में लगा 5 एचपी का ट्यूबवेल मोटर पंप अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने धारा 303 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की। जांच के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पंचायत द्वारिकानगर के दो युवक अपने घर में ट्यूबवेल मोटर पंप छिपाकर रखे हुए हैं और उसे बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दबिश



देकर द्वारिकानगर निवासी 25 वर्ष सुरेश पिता जगत राम एवं 23 वर्षीय रामकुमार पिता होती लाल को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों ने चोरी की घटना स्वीकार की। उनके मेमोरेंडम कथन के आधार पर 14500 रुपए कीमती एक नग ट्यूबवेल मोटर पंप बरामद किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक नग पलाश भी जब्त किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश कर दिया है।कार्रवाई में लटोरी प्रभारी अरुण गुप्ता के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक दिलेश्वर सिंह, आरक्षक सुनील एक्का, संतोष जायसवाल और सोमनाथ कुशवाहा की सक्रिय भूमिका रही।

# कार सवार युवकों द्वारा अगवा का प्रयास निकला मनगढ़ंत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** रेलवे स्टेशन बिश्रामपुर के अवराडुग्गू मोहल्ला स्थित माध्यमिक शाला की कक्षा सातवीं की 13 वर्षीय छात्रा द्वारा कार सवार युवकों पर अपहरण के प्रयास का लगाया गया आरोप जांच में पूरी तरह मनगढ़ंत और फर्जी निकला है। पुलिस की विस्तृत जांच, सीसीटीवी फुटेज खंगालने और कार सवार युवकों से पूछताछ के बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। ज्ञात हो कि बुधवार को एक छात्रा ने आरोप लगाया था कि कार सवार युवकों ने उसका अपहरण करने का प्रयास किया। सूचना मिलते ही बिश्रामपुर पुलिस सक्रिय हुई और विद्यालय के पास से गुजर रही संदिग्ध कार को जब्त कर उसमें सवार युवकों को हिरासत में लिया। पुलिस ने छात्रा और युवकों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की, लेकिन इस दौरान छात्रा बार-बार अपने बयान बदलती रही, जिससे संदेह गहराया। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें अपहरण के प्रयास जैसी कोई घटना सामने नहीं आई। इसके बाद छात्रा को बाल कल्याण समिति सीडब्ल्यूसी के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां भी वह अपने बयान बदलती रही। जांच के बाद मामला फर्जी पाया गया। दूसरे दिन गुरुवार को पुलिस ने छात्रा को परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बिश्रामपुर थाना प्रभारी प्रकाश राठौर ने आमजन से अपील की है कि किसी भी अपुष्ट सूचना या अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने अभिभावकों से अपने बच्चों के साथ नियमित संवाद बनाए रखने और उनकी समस्याओं को समझने की भी सलाह दी है।

# पक्का घर का सपना हुआ पूरा, मेहनतकश परिवार को मिला सुरक्षित आवास

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राजपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कर्रा निवासी श्री जीतन राम प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेकर सुखमय जीवन बिता रहे हैं। पहले जहां मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले जीतन राम वर्षों से कच्चे मकान में रहते थे, जिससे परिवार को परेशानियों का सामना करना पड़ता था।

जीतन राम बताते हैं कि जब भी वे कर्रा से 8 किलोमीटर दूर राजपुर शहर खेती-बाड़ी के लिए जाते थे वहां पक्के मकानों को देखकर उनके मन में भी अपना पक्का घर बनाने की इच्छा होती थी। लेकिन आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण यह सपना पूरा नहीं हो पा रहा था। वे बताते है कि ग्राम पंचायत के सचिव एवं रोजगार सहायक के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी मिली।

आवश्यक दस्तावेज जमा करने के बाद उनके नाम से आवास स्वीकृत हुआ और निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ। कुछ ही समय में उनका पक्का छत वाला मकान बनकर तैयार हो गया। पक्का मकान मिलने के बाद जीतन राम और उनका परिवार बेहद खुश है। वे बताते हैं कि उन्हें उचित मूल्य की दुकान से नियमित राशन मिल रहा है। उनकी पत्नी को महतारी वंदन योजना के तहत प्रतिमाह एक हजार रुपये की सहायता राशि प्राप्त हो रही है। जिससे परिवार का भरण-पोषण करना आसान हुआ है। जीतन राम कहते हैं कि शासन की योजनाओं से उनका जीवन बदला है, इसके लिए उन्होंने शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# पटना सरपंच के नेतृत्व में 26 घंटे बंद रहा आमगांव खदान, 4 हजार टन उत्पादन प्रभावित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत आमगांव खदान में बुधवार दोपहर पटना सरपंच द्वारा ग्रामीणों के साथ पहुंचकर उत्पादन कार्य बाधित करने के कारण खदान लगभग 26 घंटे तक बंद रही। इस दौरान कोयला उत्पादन और ओबी रिमूवल का कार्य पूरी तरह ठप हो गया, जिससे कंपनी को भारी क्षति उठानी पड़ी। गौरतलब है कि बुधवार की दोपहर सरपंच विमला सिंह 40-50 ग्रामीणों के साथ खदान पहुंच कोयला उत्पादन व ओबी हटाने का कार्य रुकवा दिए। प्रबंधन की ओर से इस दौरान कई बार बातचीत कर खदान शुरू कराने का प्रयास किया गया, लेकिन सरपंच खदान में तत्काल निजी कंपनी के अधीन दस लोगों को नौकरी देने की मांग पर अपने रुख पर अड़ी रहीं। सूचना मिलने पर तहसीलदार मनहरण राठिया एवं रामानुजनगर थाना प्रभारी अलरिक लकड़ा भी मौके पर पहुंच आंदोलनकारियों से चर्चा की, परंतु तत्काल कोई समाधान नहीं निकल सका। बताया जा रहा है कि दूसरे दिन उत्पादन कार्य में लगी निजी कंपनी आशीर्वाद द्वारा आगामी माह में स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार देने का आश्वासन देने के बाद मामला शांत हुआ। इसके बाद गुरुवार दोपहर बाद खदान का संचालन पुनः शुरू हो सका। खदान बंद रहने से करीब 4 हजार टन कोयला उत्पादन प्रभावित हुआ। साथ ही मशीनें बंद रहने से ओबी रिमूवल कार्य भी बाधित रहा, जिससे कंपनी को आर्थिक नुकसान हुआ है। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व ही सरपंच महाप्रबंधक कार्यालय पहुंची थीं, जहां गांव के नौ ग्रामीणों में से चार को नियुक्ति पत्र तथा पांच को मेडिकल परीक्षण हेतु खुद पत्र सौंपा था। उस दौरान प्रबंधन से सकारात्मक चर्चा हुई थी। गुरुवार की गई दोपहर खदान पुनः प्रारंभ होने के बाद प्रबंधन ने राहत की सांस ली है।

# असाक्षरों को मुख्यधारा से जोड़ने 15 को होगा 'महा परीक्षा अभियान'

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस. जयवर्धन के मार्गदर्शन में जिले में शैक्षिक नवाचार के तहत व्यापक साक्षरता अभियान प्रारंभ किया गया है। अभियान का उद्देश्य ऐसे सभी महिला एवं पुरुषों को शिक्षित करना है जिनकी आयु 15 वर्ष से अधिक है और जो अब तक हस्ताक्षर के स्थान पर अंगूठा लगाते हैं या अक्षर ज्ञान से वंचित हैं। जिले में कलेक्टर जनदर्शन, अनुभाग स्तरीय जनदर्शन, जिला एवं विकासखंड कार्यालयों में आवेदन लेकर आने वाले नागरिकों, ग्राम पंचायतों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों, बैंकों में आने वाले खाताधारकों तथा शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों में कार्यरत असाक्षर व्यक्तियों की पहचान की जाएगी। ऐसे सभी लोगों का नाम, पता एवं मोबाइल नंबर संकलित कर जिला एवं विकासखंड साक्षरता मिशन प्राधिकरण को उपलब्ध कराया जाएगा। प्राधिकरण द्वारा संबंधित व्यक्तियों को उनके ही पारा, टोला और मोहल्ले में 'उल्लास' स्वयंसेवकों के माध्यम से पढ़ाया-लिखाया जाएगा, ताकि उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ा जा सके। इसके पश्चात 15 मार्च को आयोजित होने वाले 'महा परीक्षा अभियान' में उन्हें शामिल कराया जाएगा। जिला एवं विकासखंड स्तर के परियोजना अधिकारियों से संपर्क कर भी असाक्षर व्यक्तियों की जानकारी दी जा सकती है। प्रशासन का लक्ष्य है कि जिले में कोई भी व्यक्ति पढ़ाई-लिखाई और अक्षर ज्ञान से वंचित न रहे।

कलेक्टर ने जिले के समस्त विभाग प्रमुखों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि जहां कहीं भी कोई असाक्षर व्यक्ति मिले, उसे इस पुनीत अभियान से जोड़ने में सहभागी बनें। सामूहिक प्रयास से ही सूरजपुर को शत-प्रतिशत साक्षर जिला बनाया जा सकता है।

# होली पर्व के दिन शुष्क दिवस घोषित



**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** कलेक्टर श्री राजेन्द्र कटारा के द्वारा होली पर्व के अवसर पर 04 मार्च 2026 दिन बुधवार को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दिन जिले की समस्त देशी/विदेशी मदिरा दुकानें बंद रखी जावेगी तथा इस दिन मदिरा का विक्रय/परिवहन पूर्णतः बंद रहेगा।

# प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना से विकास शर्मा को बिजली बिल से मिली राहत

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** शासन की प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना उपभोक्ताओं के लिए लाभकारी सिद्ध हो रही है। साथ ही भविष्य की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जिले में इस योजना के प्रति आमजन में तेजी से रूचि बढ़ रही है और लोग सोलर पैनल लगाकर बिजली बचत के साथ-साथ ऊर्जा-दाता भी बन रहे हैं।

विकासखण्ड राजपुर के ग्राम लड़ुवा निवासी श्री विकास शर्मा ने अपने घर के छत पर 3 किलोवाट का सोलर पैनल लगवाया है। सोलर पैनल लगवाने में केंद्र सरकार द्वारा 78 हजार रुपये और राज्य सरकार द्वारा 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि पहले हर माह उनका बिजली बिल अधिक आता था, परन्तु सोलर पैनल लगने से अब उन्हें अधिक बिजली बिल की चिन्ता से मुक्ति मिलेगी। साथ ही इसके अलावा अतिरिक्त बिजली का उत्पादन होने पर वह ग्रिड में भी जमा



होगी, जिसका उपयोग जरूरत पडने पर भविष्य में किया जा सकता है।

श्री विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना बहुत की उपयोगी एवं लाभकारी है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील की कि वे इस योजना का लाभ लेकर बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा-दाता बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अपना योगदान दें। श्री शर्मा ने योजना के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के प्रति आभार व्यक्त किया।

### योजना का लाभ लेने कैसे करें आवेदन

प्रधानमंत्री सूर्यघर-मुफ्त बिजली योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक को वेबसाईट पीएमसूर्यघर डॉट जीओव्ही डॉट ईन या पीएम सूर्यघर मोबाइल एप पर पंजीयन कर लॉग इन आईडी प्राप्त करना होगा। इसके बाद वेब पोर्टल पर उपलब्ध वेंडर का चुनाव कर बिजली कर्मचारी की मदद से वेब पोर्टल पर पूर्ण आवेदन करना होगा। निर्धारित अनुबंध हस्ताक्षरित होने के पश्चात वेंडर द्वारा छत पर प्लांट की स्थापना एवं डिस्कॉम द्वारा नेट मीटर स्थापित किया जाता है। स्थापित प्लांट के सत्यापन पश्चात शासन द्वारा सब्सिडी ऑनलाईन जारी कर दी जाती है।

इस दौरान यदि उपभोक्ता इच्छुक हो तो शेष राशि का प्रकरण 7 प्रतिशत ब्याज दर पर बैंक ऋण हेतु बैंकों को जनसमर्थन पोर्टल द्वारा ऑनलाईन प्रेषित किया जाता है।

# रजत जयंती वर्ष में जनभागीदारी का उत्साह, शैक्षणिक संस्थानों में विविध गतिविधियां आयोजित

## मोबाइल वैन के माध्यम से विभागीय योजनाओं का किया जा रहा प्रचार-प्रसार

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** राज्य के स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहे रजत जयंती वर्ष के अंतर्गत जिले में उत्साह और जनभागीदारी देखने को मिल रहा है। इसी कड़ी में जा रहा है। इस अवसर पर जिले में संचालित सभी आश्रम, छात्रावास, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय तथा प्रयास संस्थान में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी रचनात्मक गतिविधियों ने विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान किया है साथ ही राज्य की 25 वर्षों की विकास यात्रा के प्रति जागरूकता बढ़ाई। साथ ही दूरस्थ आदिवासी अंचलों में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना, पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, आश्रम/छात्रावास सुविधाएं, प्रयास संस्थान, जवाहर नवोदय उत्कर्ष योजना, देवगुड़ी सांस्कृतिक दल प्रोत्साहन योजना तथा अन्तर्जातीय विवाह प्रोत्साहन योजना जैसी महत्त्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाई गई। विभाग द्वारा मोबाइल वैन के





जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में आदिवासी विकास विभाग द्वारा 18 फरवरी से 28 फरवरी 2026 तक जिले के सभी विकासखंडों में विविध रचनात्मक एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया कड़ी में जनजातीय गौरव दिवस के तहत रंगोली, पोस्टर निर्माण, निबंध लेखन, हस्तलेखन प्रतियोगिता, चित्र प्रदर्शनी एवं पारंपरिक आदिवासी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। इन मोबाइल वैन के माध्यम से विभागीय योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

इसमें प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान धरती आबा योजना, माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों, युवाओं एवं हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया जा रहा है, जो कि आदिवासी समाज के विकास की दिशा में सार्थक पहल सिद्ध हो रहा है।

# आरसेटी बलरामपुर में 30 दिवसीय आवासीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण सम्पन्न

**बलरामपुर, छ.ग. फ्रंटलाइन।** जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर के मार्गदर्शन एवं एनआरएलएम प्रमुख श्री ज्ञानेन्द्र सिंह तथा मनरेगा टीम के सहयोग से 30 दिवसीय आवासीय राजमिस्त्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण 27 जनवरी 2026 से 25 फरवरी 2026 तक जिला मुख्यालय स्थित सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया आरसेटी भवन में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम बढ़ाने का अवसर मिला है, जिससे वे भविष्य में निर्माण कार्यों में कुशल राजमिस्त्री के रूप में अपनी पहचान बना सकेंगे तथा स्वयं का रोजगार स्थापित कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ बन



सकेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखण्ड बलरामपुर के मनरेगा हितग्राहियों का पंजीयन उन्नति पोर्टल में कर उन्हें कौशल विकास से जोड़ा गया साथ ही उन्हें राजमिस्त्री प्रशिक्षण का लाभ दिया गया। जिसके अंतर्गत ग्रामीण युवाओं को कुशल राजमिस्त्री के रूप में तैयार कर स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना रहा।

डोमेन स्किल ट्रेनर अमित कुमार गुप्ता के द्वारा राजमिस्त्री प्रशिक्षण दिया गया। बैंकिंग एवं वित्तीय साक्षरता संबंधी जानकारी आरसेटी संचालक श्री पी.के. दास एवं फैकेल्टी सुश्री तसनीम निकहत तथा श्री गुपेश कुमार कुशवाहा द्वारा दी गई। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को एक कुशल राजमिस्त्री बनने की तकनीकी दक्षताओं के साथ-साथ बैंकिंग सेवाओं की सामान्य जानकारी, बचत, ऋण प्रक्रिया, स्वरोजगार स्थापना एवं दैनिक जीवन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां भी दी गई। साथ ही 25 फरवरी 2026 को प्रशिक्षणार्थियों का अंतिम मूल्यांकन राज्य टीम से आए ईडीपी असेसर श्री जय बस्वराज एवं डोमेन असेसर श्री जितेन्द्र कुमार साहु द्वारा किया गया। मूल्यांकन के माध्यम से प्रतिभागियों के तकनीकी कौशल एवं व्यावहारिक दक्षता का परीक्षण किया गया।

30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरसेटी संचालक श्री पी. के. दास, फैकल्टी सुश्री तसनीम निकहत, श्री गुपेश कुमार कुशवाहा एवं समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों के सहयोग से संपन्न हुआ।

# छत्तीसगढ़ का बजट राज्य के सर्वांगीण विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर ।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट राज्य के सर्वांगीण और समावेशी विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण एवं दूरदर्शी पहल के रूप में देखा जा रहा है। प्रदेश के वित्त मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने विधानसभा में संकल्प-आधारित यह बजट प्रस्तुत करते हुए सुशासन, पारदर्शिता और जनकल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। नीति, न्याय, निवेश, निर्माण और नवाचार के पंचतत्त्वों पर आधारित यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ के विजन डॉक्यूमेंट छत्तीसगढ़ अंजोर-2047 के लक्ष्यों को साकार करने की दिशा में ठोस एवं परिणाममुखी कदम माना जा रहा है।इस बजट में जशपुर जिले को भी विशेष प्राथमिकता प्रदान की गई है, जिससे जिले के सर्वांगीण विकास को नई गति मिलने की अपेक्षा है। जिले में आधारभूत संरचना, कृषि, सिंचाई, खेल, शिक्षा एवं धार्मिक पर्यटन जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए प्रावधान किए गए हैं। इससे न केवल स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी, बल्कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के संतुलित विकास को भी बल मिलेगा।

**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202602020700146**

विषयः-व-121

मामले की श्रेणीः- राजस्व

सनः-2025-2026

लब्जी प.ह.न. 00027 [(हे०)।

पक्षकारों का विवरण आवेदन पक्षकार मनोहर,

अनावेदक पक्षकार -छ०ग० शासन,

**ईश्तहार**

आवेदक मनोहर आ0 शिवराज व अन्य, निवासी ग्राम लब्जी, तहसील अम्बिकापुर, जिला सरगुजा छ०ग० के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर बताया गया है कि स्थित खसरा नंबर 1795/5 रकबा 0.779 हे० भूमि के राजस्व रिकार्ड में त्रुटिवश आवेदकगण का नाम छूट गया है। आवेदके द्रास आवेदित भूमि के राजस्व रिकार्ड में अपना का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी महोदय के समक्ष में प्रस्तुत किया गया है, जो जॉच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 06/03/2026 के पूर्व न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपजिलाकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। यह ईशतहार मेरे हस्तमुद्रा से आज दिनांक 10/02/2026 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार

तहसील- अम्बिकापुर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) भैयाथान, जिला सूरजपुर (छ०ग०)**

**-ईश्तहार:-**

**रा०प्र०क्र०/अ-2/2025-26**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम पंचायत सोनपुर शि/नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद जिला सूरजपुर को सूचित किया जाता है कि श्री मो0 हारून पिता/स्व. इसाक निवासी सोनपुर शि के द्वारा अपने स्वत्व एवं अधिपत्य की भूमि खसरा नं०1095/7 रकबा 0.09 हे० जो ग्राम सोनपुर शि .प.ह.नं 5 रा०नि०मं० शिवप्रसादनगर तहसील भैयाथान जिला सूरजपुर में स्थित है के आवासीय भू-परिवर्तन (डायवर्सन) हेतु इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त संबंध में ग्राम पंचायत/नगर पंचायत/नगर पालिका निगम क्षेत्र के किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 06/03/2026 को न्यायलयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 16/02/2026. को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलय की मुद्रा से जारी किया गया है।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)

भैयाथान जिला-सूरजपुर (छ०ग०)

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा०) सक्षम प्राधिकारी (डायवर्सन) प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ०ग०) / /उद्घोषणा//**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदक मो. समसुलदोहा अंसारी पिता स्व. सफायत हुसैन जाति मुसलमान निवासी ग्राम प्रतापपुर तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ०ग० द्वारा अपने स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि ग्राम प्रतापपुर प०ह०नं0 39 तहसील प्रतापपुर स्थित खसरा नंबर 444/2 रकबा 0:05 हे. भूमि में से रकबा 0.03 हे भूमि को छ०ग० भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 172 को अन्तर्गत कृषि भूमि से भिन्न आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक - 27/02/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 13/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा०)

सक्षम प्राधिकारी (डायवर्सन)

प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर

# विश्वविद्यालय मानिटरींग दल द्वारा रबी फसल अनुसंधान का किया गया निरीक्षण

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




अंबिकापुर। परिक्षेत्रीय कृषि अनुसंधान केंद्र, अम्बिकापुर में संचालित विभिन्न अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा गठित निरीक्षण दल के अंतर्गत डॉ. जी. एल. शर्मा (विभागाध्यक्ष), डॉ. एस. के. द्विवेदी (प्रमुख वैज्ञानिक) एवं डॉ. उत्तम कुमार देवांगन (वैज्ञानिक) द्वारा भ्रमण कर वर्ष 2025-26 के रबी फसल अनुसंधान परीक्षणों की प्रगति की समीक्षा की गई। निरीक्षण दल के साथ डॉ. के. एल. पैंकरा, सह-संचालक अनुसंधान, परि.कृ.अनु. के., अंबिकापुर तथा डॉ. पी. के. भगत, वरिष्ठ वैज्ञानिक, आलू अनुसंधान केंद्र, मैनपाट के साथ साथ कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केन्द्र समस्त परियोजना अन्वेषक प्रमुख, वैज्ञानिक/प्राध्यापक एवं अन्य तकनीकी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। टीम ने मक्का, सरसों, सामर्थ्य फसलों, उद्यानिकी फलों एवं मधुमक्खी पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत संचालित परीक्षणों के साथ-साथ सीड हब (सरसों), एमआईडीएच हाई-टेक नर्सरी, पीपीपी, एवं आईआरपी परियोजनाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण दल ने फसलों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त करते हुए वैज्ञानिकों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों के प्रयासों की सराहना की। साथ ही, लीची, कुट्टू एवं मक्का की नवीन किस्मों के विमोचन, शोध गतिविधियों के सुदृढ़ दस्तावेजीकरण तथा गुणवत्तापूर्ण वैज्ञानिक प्रकाशनों पर विशेष बल दिया। इसके साथ ही साथ निरीक्षण दल द्वारा अखिल भारतीय समन्वित सामर्थ्यवान फसलों के अंतर्गत आयोजित एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर किसानों को तकनीकी जानकारी एवं स्प्रेयर पम्प प्रदान किया गया। अंत में सभी वैज्ञानिकों के साथ सामुहिक चर्चा एवं अनुसंधान कार्यक्रमों के सफल क्रियान्वयन हेतु प्रोत्साहन संदेश के साथ भ्रमण कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## मोमिनपुरा में 47 व्यक्तियों की जांच में केवल एक में मिला पीलिया का लक्षण

रायपुर ।अंबिकापुर नगर निगम के वार्ड क्रमांक-40, मोमिनपुरा में 47 व्यक्तियों की जांच में केवल एक व्यक्ति के सैंपल में पीलिया के लक्षण मिले हैं। वार्ड से संकलित पानी के 35 सैंपलों की जांच में सिर्फ एक सैंपल में बैक्टीरिया एक्सेप्टेबल रेंज से ऊपर मिला है। शहर में दो फिल्टर प्लांट्स के माध्यम से 32.5 एमएलडी शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। अंबिकापुर नगर निगम के आयुक्त ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में 106 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से मिशन अमृत-1 के अन्तर्गत पेयजल आपूर्ति योजना लागू की गई है।

## अंतागढ़ में श्रमिक सम्मेलन आयोजित, जिले के 7930 श्रमिकों को किया गया लाभान्वित

रायपुर ।छत्तीसगढ़ शासन श्रम विभाग के निदेर्शानुसार श्रमिक सम्मेलन-2026 का आयोजन उत्तर बस्तर कांकेर जिले के सामुदायिक भवन अंतागढ़ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा क्षेत्र कांकेर के सांसद श्री भोजराज नाग उपस्थित थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष श्री राधेलाल नाग द्वारा की गई। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल एवं छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अन्तर्गत विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से जिले के श्रमिक व उनके परिवार के सदस्यों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी.बी.टी.) के माध्यम से राशि हस्तांतरित कर लाभान्वित किया गया।

# सड़क दुघर्टना में शिक्षिका शिफा त्रिपाठी की मौत

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रामानुजनगर। गुरूवार की सुबह एक सड़क दुघर्टना में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भुनेश्वरपुर में पदस्थ शिक्षिका शिफा त्रिपाठी 32 वर्ष की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। वहीं शिक्षिका के 5 वर्षीय बेटे को गंभीरावस्था में अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। मृतिका शिक्षिका संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय अंबिकापुर कुलपति की बेटी हैं। इस दर्दनाक घटना के बाद नगर में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं यूके लिप्टस की अवैध तस्करी में लिप्त टैक्टर को चालक और परिचालक सहित पुलिस ने हिरासत में लेकर गाड़ी को थाने में खड़ी करा दी है। आज सुबह सुबह इस हृदयविदारक घटना ने पूरे नगर को शोक में डुबो दिया। जहां सड़क दुघर्टना में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल भुनेश्वरपुर में पदस्थ शिक्षिका शिखा तिवारी अपने मासूम बच्चे के साथ रामानुजनगर स्थित अपने किराए के आवास से स्कूल भुनेश्वरपुर के लिए निकली स्कुटी से निकली थी कि कौशलपुर एम पी ट्रैक्टर गैरेज के पास विपरीत दिशा से आ रहे अवैध लकड़ी तस्करी में प्रयुक्त मोटीफाइड टैक्टर क्रमांक यू पी 12 बी डब्लू 2352 के चालक ने तेज व लापरवाही पूर्वक चालन करते हुए सामने ठोकर मार दी ।ठोकर इतनी जबर्दस्त थी कि शिक्षिका दूर जा गिरी जिससे शरीर के अनेक हिस्सों में गंभीर चोंट लगने के कारण मौके पर ही उनकी मौत हो गई। जबकि पांच वर्षीय बालक कविश पाल के दाहिने पैर में गंभीर चोंट लगने से उसे तत्काल अंबिकापुर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही नगरवासियों के अलावा उनके स्कूल स्टाफ भी पहुंचे शिक्षिका के परिजनों को सूचना दी गई और रामानुजनगर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पोस्टमॉर्टम के बाद परिजन शव को लेकर अंतिम संस्कार के लिए बनारस निकल ग ए। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल- बताया जा रहा है कि शिक्षिका शिफा त्रिपाठी 32 वर्ष संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय में पदस्थ कुलपति की बेटी थी। वहीं उनके पति रायपुर में रहते हैं, घटना की जानकारी लगते ही परिजन रामानुजनगर अस्पताल पहुंचे जहां पिता की रो-रो कर बुरा हाल हो गया, उनके साथ आए विश्वविद्यालय के स्टाफ और स्थानीय लोगों ने संभाला। बताया गया कि शिक्षिका गर्भवती भी थी ऐसे में एक साथ दो दो जाने एक साथ निकल जाने और इस दर्दनाक हादसे ने पूरा नगर शोकमग्न कर गया।

## संक्षेप

### जंगली पशुओं के हमले से घायल हुआ राष्ट्रीय पक्षी

गंजमुरदाबाद, उन्नाव। जंगली पशुओं के हमले से घायल राष्ट्रीय पक्षी को वन कर्मियों द्वारा रेस्क्यू कर इलाज कराकर रेंज कार्यालय में रखा गया है जहां पर उसका इलाज जारी है। बांगरमऊ के गांव बल्लापुर के निकट खेतों में एक मोर को घायल अवस्था में मिलने की सूचना पर गांव पहुंचे वन दरोगा पप्पू यादव द्वारा पशु चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंजमुरादाबाद के पशु चिकित्सा अधिकारी कार्यालय लाया गया जहा पर पशु चिकित्सक डाक्टर राहुल सचान द्वारा मोर का इलाज किया गया ।मोर की हालत गंभीर बनी हुई है। वन दरोगा पप्पू यादव ने बताया है कि मोर का इलाज कराकर बेहतर देखभाल हेतु नवाबाद ग्रांट स्थित रेंज कार्यालय में रखा जाएगा जहां पर देखभाल व इलाज की जाएगी ।वही ग्रामीणों में चर्चा है जंगली इलाके में एक मोर नाच रहा था तभी बुधवार को सुबह जंगली सियार आदि ने हमलाकर मोर को घायल कर दिया।

### तेज रफ्तार लोडर का कहर, तीन घायल ई-रिक्शा चालक की हालत गंभीर

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में तेज रफ्तार लोडर की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया। रामकली बुद्धि लाल साहू के विद्यालय के सामने, सूर्य प्रताप डिग्री कॉलेज से आ रही दो अध्यपिका समेत तीन लोग घायल हो गए ।प्राप्त जानकारी के अनुसार कॉलेज की अध्यापिका शगुन मिश्रा पुत्री प्रवीण मिश्रा निवासी कस्टोलवा तथा अर्पिता द्विवेदी पुत्री मुकेश निवासी दलीगढ़ी ई-रिक्शा से जा रही थीं, तभी तेज रफ्तार लोडर ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा चालक चंदन पुत्र मोहन लाल निवासी वजीर गंज गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि दोनों युवतियां भी चोटिल हो गईं ।घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां तैनात चिकित्सक डॉ. आदर्श सचान ने प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर के अनुसार शगुन मिश्रा और अर्पिता द्विवेदी को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया, जबकि चालक चंदन की हालत गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल, भेज दिया गया।

# कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन

संवाददाता




उन्नाव। आगामी होलिका दहन और होली पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने बैठक की अध्यक्षता की। इसमें पुलिस प्रशासन, विभिन्न विभागों के अधिकारी और जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों (एसडीएम) और क्षेत्राधिकारियों (सीओ) से उनके क्षेत्रों में होलिका दहन स्थलों, निकलने वाले जुलूसों और स्थानीय पीस कमेटी की बैठकों की जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई नई परंपरा शुरू न की जाए और त्योहार में बाधा डालने वाले असामाजिक तत्वों से सख्ती से निपटा जाए। संबंधित अधिकारियों को पर्व से जुड़ी सभी अनुमतियां समय पर जारी करने का भी निर्देश दिया गया ।साफ-सफाई, पेयजल और विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी और अधिशासी अधिकारियों को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता (विद्युत) को जर्जर और लटकते तारों को तुरंत ठीक कराने तथा एक कंट्रोल रूम स्थापित कर उसका नंबर सार्वजनिक करने को कहा गया। जल निगम के अधिशासी अभियंता को पेयजल आपूर्ति सुचारु रखने, पंप ऑपरेटरों के नंबर सार्वजनिक करने और ड्यूटी सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

स्वास्थ्य विभाग को भी अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को जिला अस्पताल और सभी स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टरों व स्टाफ की ड्यूटी सूची पहले से उपलब्ध कराने तथा बिना अनुमति किसी को अवकाश न देने का निर्देश दिया गया। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को सक्रियरूप से तैनात रखने के भी निर्देश दिए गए ।जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब के भंडारण और बिक्री के खिलाफ अभियान चलाने तथा होली पर निर्धारित बंदी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने को कहा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को मिलावटी मावा और मिठाई की दुकानों पर सघन जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त, बिना अनुमति डीजे न बजाने, निर्धारित ध्वनि सीमा का पालन करने और अश्लील गीतों पर रोक लगाने के निर्देश भी दिए गए ।पुलिस अधीक्षक जय प्रकाश सिंह ने कहा कि त्योहार के दौरान किसी प्रकार का हुड़दंग बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एसडीएम और सीओ को लगातार भ्रमणशील रहकर निगरानी करने के निर्देश दिए गए। बैठक में अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि सभी व्यवस्थाएं समय से सुनिश्चित की जाएंगी।

# टीईटी अनिवार्यता का किया गया जोरदार विरोध प्रदर्शन

संवाददाता




सफीपुर, उन्नाव।टीईटी (शिक्षक पात्रता परीक्षा) की अनिवार्यता के खिलाफ देशभर में, विशेषकर उत्तर प्रदेश में, सेवारत शिक्षकों ने कड़ा विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया है। शिक्षकों की मुख्य मांग है कि 2011 या नियमावली लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर यह नियम न थोपा जाए और पुराने शिक्षकों को इससे छूट दी जाए। सुप्रीम कोर्ट के सितंबर 2025 के आदेश के अनुसार पाँच साल से अधिक सेवा शेष वाले शिक्षकों के लिए दो वर्ष में टीईटी पास करना अनिवार्य किया गया है, जिसके खिलाफ शिक्षक प्रदर्शन कर रहे हैं ।इस विरोध प्रदर्शन में अब शिक्षकों को जनमानस का समर्थन भी मिलने लगा हैइसी कड़ी में सफीपुर ब्लॉक के रनियाँमऊ में शिक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में शिक्षकों और ग्रामवासियों ने शिक्षक पंचायत का आयोजन किया जिसमें टीईटी अनिवार्यता का जोरदार विरोध किया गय अमित तिवारी ने कहा जो शिक्षक सालों से सेवा दे रहे हैं, उन पर नई अहर्ता थोपना अन्यायपूर्ण है ।शिक्षकों में टीईटी न पास करने पर अनिवार्य सेवानिवृत्ति का डर बना हुआ है उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जल्द इस पर निर्णय नहीं लिया गया तो शिक्षक उन्नाव से पैदल मार्च करते हुए लखनऊ में विधानसभा के सामने प्रदर्शन करेंगे शिक्षकों की प्रमुख मांग ₹नियुक्ति के समय की सेवा शर्तों के अनुसार ही नौकरी जारी रखी जाए एवं पुरानी नियुक्तियों पर टीईटी को लागू न किया जाए₹ रहीं शिक्षक पंचायत में अमित तिवारी,संजीव संख्वार,देवेन्द्र त्रिपाठी,ज्ञानेन्द्र कुशवाहा,अनूप साहू, कृपा शंकर,राहुल सिंह,सुधीर कुशवाहा,नीरज प्रजापति,सौरभ वैश्य,राधा देवी,सरोजनी देवी,हेमा मालिनी,सुदेवी आदि उपस्थित रहे

# दस वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ का आरोप, मुकदमा दर्ज

संवाददाता




उन्नाव।एक पड़ोसी पर 10 वर्षीय बच्ची से छेड़छाड़ का प्रयास करने का आरोप लगा है। यह घटना गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र में हुई। बच्ची के शोर मचाने पर आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़िता की मां की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और उसकी तलाश कर रही है ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना गंगाघाट थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले की है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि वह घर का सामान लेने पास की दुकान पर गई थी। उस समय उनकी 10 वर्षीय बेटी शना घर पर अकेली थी ।आरोप है कि इसी दौरान मोहल्ले का रहने वाला मजीद पुत्र कल्लू घर में घुस गया। उसने बच्ची को अकेला पाकर उसके साथ छेड़छाड़ करने का प्रयास किया। बच्ची ने हिम्मत दिखाते हुए जोर-जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आरोपी मजीद घबरा गया और पकड़े जाने के डर से घर के पीछे वाले दरवाजे से भाग निकला ।कुछ देर बाद जब बच्ची की मां घर लौटी, तो उसने अपनी बेटी को डरा-सहमा और रोता हुआ पाया। बच्ची ने अपनी मां को पूरी घटना बताई। इसके बाद मां तुरंत बच्ची को लेकर गंगाघाट कोतवाली पहुंची और आरोपी मजीद के खिलाफ नामजद लिखित शिकायत दर्ज कराई।

# डीएम के निर्देश पर घाट के कब्र से शव निकाल कर भेज गया पीएम

संवाददाता




सफीपुर, उन्नाव। बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में मृत युवक के शव को प्रशासन ने बुधवार को फतेहपुर चौरासी के बहेलवा घाट कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। यह कार्रवाई डीएम के निर्देश पर एसडीएम व सीओ की मौजूदगी में परिजनों के सामने कराई गई ।बता दें कि 13 दिसंबर 2025 को आसीवन थाना क्षेत्र के रोलिया गाँव निवासी रामस्वरूप की पुत्रवधू सुमन पत्नी सुरेंद्र अपने पुत्र रामजी के साथ मोटरसाइकिल से बांगरमऊ थाना क्षेत्र के नेवलगंज गाँव बीमार बहन पूजा को देखने जा रही थीं। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर थाना बेहटा मुजावर क्षेत्र के किलोमीटर 253 के समीप पीछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे सुमन और उनका पुत्र रामजी गंभीर रूप से घायल हो गए ।दोनों घायलों को जिला अस्पताल से लखनऊ रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में नवाबगंज के पास रामजी की मृत्यु हो गई। परिजनों ने अज्ञानतावश मृत युवक का पोस्टमार्टम कराए बिना उसका शव फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के गंगा किनारे बहेलवा घाट में दफना दिया था ।इसके बाद मृतक के बाबा रामस्वरूप ने 2 जनवरी 2026 को जिलाधिकारी गौरांग राठी को प्रार्थना पत्र देकर शव निकालकर पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। जांच के बाद डीएम के निर्देश पर एसडीएम सफीपुर शिवेंद्र वर्मा और सीओ सफीपुर सोनम सिंह व बांगरमऊ ने परिजनों की मौजूदगी में बहेलवा घाट से शव निकलवाकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया ।जहां वीडियोग्राफी के बीच पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया जाएगा।

# तेज रफ्तार डंपर ने ई रिक्शा में मारी टक्कर दो महिलाओं की मौत चार घायल

संवाददाता




सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अन्तर्गत हुई भीषण सड़क दुर्घटना में अनियंत्रित डंफर ने ई रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दी जिसमे दो महिलाओं की मौत हो गयी जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सौ बेड शैय्या रिफर कर दिया गया। थाना क्षेत्र के बिहार - बक्सर मार्ग पर मुडियनखेड़ा के समीप बुधवार शाम 3 बजे बक्सर की ओर से आ रहे अनियंत्रित डंफर ने ई रिक्शा को जोरदर टक्कर मार दी जिससे सहदेमऊ निवासी अपने देवर के बेटे की शादी में शामिल होने जा रही कपूरपुर निवासी राजवती पत्नी छविनाथ 60 की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि अन्य महिला म्रतक की खबर लिखे जाने तक शिनाख्त नही हो पाई थी ।अन्य चार घायलों में ई-रिक्शा चालक लाल जी पुत्र हीरालाल निवासी-रघुनाथ खेडा, मान प्रसाद पुत्र नोखे ,हिराना पत्नी मान प्रसाद, अजीत कुमार पुत्र मान प्रसाद निवासी कलानी गंभीर रूप से घायल हो गए ।घायलों को सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहा से सौ बेड शैय्या बीघापुर रिफर कर दिया गया। दिवंगत राजवती के दो पुत्र मुकेश ,रजनेश व दो पुत्रियां गीता,सीता है। सभी विवाहित है। घटना की सूचना पाकर उपजिलाधिकारी रनवीर सिंह, क्षेत्राधिकारी मधुप नाथ मिश्रा, थाना प्रभारी राहुल सिंह, चौकी इंचार्ज देवेन्द सिंह घटनास्थल पहुँचे व उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। डंफर चालक मौके से भागने में सफल रहा।

## सम्पादकीय

# बच्चों और युवाओं में बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति चिंता का विषय

बच्चों, किशोरों और युवाओं में लगातार बढ़ रही आक्रामकता और हिंसा की प्रवृत्ति गंभीर चिंता का विषय बनती जा रही है। लखनऊ, हरियाणा, गाजियाबाद समेत कई शहरों में हिंसक मामले सामने आए हैं। गाजियाबाद में तीन लड़कियों ने कथित गेम की लत के कारण आत्महत्या कर ली थी। वहीं, हरियाणा में भी एक दोस्त ने अपने साथी फाइनल इयर के छात्र की हत्या कर शव को जोहड़ में फेक दिया था। अब लखनऊ में वर्धमान पैथोलॉजी लैब के मालिक मानवेंद्र सिंह की उनके 21 साल के इकलौते बेटे अक्षत प्रताप सिंह ने ही गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के बाद शव को बाथरूम में आरी से काटकर टुकड़े नीले ड्रम में भर दिए। सिर को काटकर कार में रखा और घर से 21 किलोमीटर दूर फेंक आया। अक्षत ने अपनी बहन के सामने ही घटना को अंजाम दिया। उसे धमकी दी कि किसी को बताया तो उसे भी मार डालेगा। आरोपी का कहना है कि उसके पापा उसे डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन उसे लखनऊ में होटल खोलना था। इसी से नाराज होकर उसने पिता की हत्या कर दी। बता दें कि समाज का भविष्य बच्चे और युवा ही होते हैं। यदि इन्हीं के मन में आक्रोश, हिंसा और संवेदनहीनता घर करने लगे, तो यह केवल परिवार का नहीं, बल्कि पूरे समाज का संकट बन जाता है। बड़े शहरों में सामने आ रही ऐसी घटनाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। ये घटनाएं अपवाद भर नहीं रहीं, बल्कि एक खतरनाक प्रवृत्ति की ओर संकेत कर रही हैं। युवा मन ऊर्जा से भरा होता है। यदि इस ऊर्जा को सकारात्मक दिशा न मिले, तो वही ऊर्जा विनाशकारी रूप ले सकती है। आज के दौर में डिजिटल दुनिया बच्चों और किशोरों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है। हिंसक वीडियो गेम, वेब सीरीज और सोशल मीडिया पर परोसी जा रही आक्रामक सामग्री धीरे-धीरे संवेदनशील मन पर प्रभाव डालती है। जब बच्चे बार-बार आभासी दुनिया में हिंसा को 'सामान्य' रूप में देखते हैं, तो उनके भीतर हिंसा के प्रति संवेदनशीलता कम होने लगती है। वे समस्या का समाधान संवाद के बजाय टकराव में खोजने लगते हैं। हालांकि हिंसा की जड़ केवल डिजिटल माध्यमों में तलाशना पर्याप्त नहीं होगा। पारिवारिक माहौल भी उतना ही महत्वपूर्ण कारक है। यदि घर में तनाव, कलह, नशे की प्रवृत्ति या कठोर अनुशासन का वातावरण हो, तो बच्चा असुरक्षित और उपेक्षित महसूस करता है। माता-पिता की अत्यधिक अपेक्षाएं भी कई बार बच्चों के मन में दबाव और कुंठा पैदा करती हैं। करियर को लेकर थोपे गए निर्णय, तुलना की संस्कृति और असफलता का डर उन्हें भीतर से तोड़ देता है। जब संवाद के रास्ते बंद हो जाते हैं, तो आक्रोश विस्फोटक रूप ले सकता है। स्कूल और सामाजिक परिवेश भी इस समस्या से अछूते नहीं हैं। हालांकि इसके समाधान की शुरुआत भी परिवार से ही होती है। बच्चों को अनुशासन सिखाना आवश्यक है, खुला संवाद सबसे प्रभावी उपाय है। माता-पिता यदि बच्चों की बात धैर्य से सुनें, उनके मित्र बनें और उनकी भावनाओं को स्वीकार करें, तो आधी समस्या वहीं समाप्त हो सकती है। मीडिया और डिजिटल उपकरणों के उपयोग पर संतुलित निगरानी भी जरूरी है। पूर्ण प्रतिबंध समाधान नहीं है, लेकिन समय और सामग्री पर नियंत्रण आवश्यक है। बच्चों को वैकल्पिक गतिविधियों- खेल, कला, संगीत, पठन की ओर प्रेरित करना चाहिए, ताकि उनकी ऊर्जा रचनात्मक दिशा में प्रवाहित हो। स्कूलों में भी काउंसलिंग व्यवस्था को मजबूत किया जाना चाहिए, ताकि बच्चे मानसिक दबाव को समय रहते साझा कर सकें।



यूएनओ

अखिलेश आर्येन्दु

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर भी रोक लग सकेगी।

# भारत की स्थायी सदस्यता से किसे लाभ

संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में भारत को स्थायी सदस्यता देने का समर्थन दुनिया के तमाम देश वर्षों से करते रहे हैं। इनमें भारत के मित्र देशों के अलावा वे देश भी हैं जो अमेरिका के साथ माने जाते हैं। वहीं, दूसरी तरफ ब्राजील है जो दशकों से इस मुद्दे पर खुलकर भारत के साथ खड़ा नजर आता है। पिछले दिनों ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अपने पुराने पैटर्न पर कायम रहते हुए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद् के तुरंत सुधार की बात कही। उन्होंने सुरक्षा परिषद् में भारत और ब्राजील को स्थायी सदस्य के रूप में शामिल करने का समर्थन किया। नई दिल्ली के हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ बातचीत के बाद मीडिया से बात करते हुए ब्राजील के राष्ट्रपति ने जी4 यानी भारत, ब्राजील, जर्मनी और जापान समूह की भूमिका को रेखांकित किया। उन्होंने कहा, जी4 समूह संघ और परिषद में सुधार की वकालत करता है और एक-दूसरे की स्थायी सदस्यता का समर्थन करता है।

ब्राजील के राष्ट्रपति ने कहा कि 20 से अधिक वर्षों से भारत, ब्राजील, जापान और जर्मनी ने जी4 नामक समूह बनाया है, जहां हम संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार की वकालत करते हैं। ब्राजील प्रमुख का कहना था कि आज दुनिया-भर में जो हम देख रहे हैं, उनमें हस्तक्षेप करने के लिए यूएनओ के पास अधिक शक्ति और सामर्थ्य की जरूरत है। उन्होंने आह्वान करते हुए कहा कि हम संयुक्त राष्ट्र संघ को ज्यादा प्रतिनिधि वाला बनाने के लिए संघर्ष जारी रखेंगे, जिसमें दुनिया के और अधिक देश शामिल किए जाएं और भारत व ब्राजील को यूएनओ में स्थायी सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में स्थान मिले। अस्थायी और स्थायी सदस्यता की श्रेणियों को बढ़ाने से वैश्विक शासन की वैधता और प्रभावशीलता प्रदान करने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि मोदी ने दोनों देशों के व्यापार और मैत्री को बढ़ाने के लिए जिस तरह की ठोस पहल की है, उससे दोनों देशों के बीच स्थायी मैत्री विकसित हुई है। भारत के मित्र देशों में ब्राजील और भारत की मैत्री दशकों से है लेकिन पिछले एक दशक में ब्राजील और भारत के बीच जिस तरह की आपसी विश्वासनीयता बढ़ी है, उससे दोनों देश कई क्षेत्रों में निकट आए हैं, जिससे विकास और प्रगति का पहिया तेजी से आगे बढ़ा है। देशों के बीच विश्वासनीयता का आधार आपसी सहमति और निकटता को लगातार गति देना रहता है। भारत और ब्राजील ने ऐसा करके दिखा दिया है। दोनों देश अलग-अलग संस्कृतियों का प्रतिनिधित्व करते हैं, बावजूद सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में आपसी सहमति और विश्वसनीयता बढ़ी है। यह इसलिए भी है कि दोनों देश बहुपक्षवाद और शांति के समर्थक हैं। इतना ही नहीं, समावेशी और बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था को भारत ने अपनी नीतियों के साथ आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दुहराई। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों देश स्थायी सदस्यता के हकदार हैं। दोनों एक लोकतांत्रिक देश हैं और बहुत तेज गति से विकास के पथ पर आगे बढ़ रहे हैं। ब्राजील भारत के लिए यूएनओ में स्थायी सदस्यता का मुद्दा जोर-शोर से उठाता रहा है और ब्राजील के लिए भी ऐसा ही भारत करता और कहता आया है। इसके पहले ब्राजील 2005 में जी4 प्रस्ताव के



पहले और बाद में यूएनजीए के सत्रों में यह मुद्दा उठाया था। ब्राजील इस मुद्दे पर मानता आया है कि भारत एक प्रमुख शक्ति के रूप में दुनिया के मानचित्र पर उभरा है इसलिए भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का स्थायी सदस्य होने का प्रबल दावेदार और हकदार है। ब्राजील को भारत की जरूरत है तो भारत को ब्राजील की जरूरत है। संयुक्त राष्ट्र संघ में दोनों स्थायी सदस्यता इसलिए चाहते हैं कि कई वैश्विक मुद्दों पर, खासकर आतंकवाद, समुद्री डकैती, तस्करी, साइबर अपराध और तमाम जटिल वैश्विक समस्याओं से दोनों देश बराबर पीड़ित रहे हैं। दुनिया के तमाम देश कई विकट समस्याओं-खासकर आतंकवाद और अंतरराष्ट्रीय संगठित अपराध से पीड़ित रहते हैं। इन दोनों देशों का यूएनओ का सदस्य बन जाने से कई जटिलताएं दूर हो सकती हैं। आज आतंकवाद सबसे जटिल वैश्विक मुद्दा है और पाकिस्तान आतंकवाद का सबसे बड़ा कारखाना है।

चीन पाकिस्तान का साथ देने के लिए अपने वीटो का इस्तेमाल कर पाकिस्तान को आतंकवादी देश घोषित होने से बचा लेता है। भारत और ब्राजील यदि स्थायी सदस्यता हासिल कर लेंगे तो चीन की मनमानी नहीं चलेगी। इतना ही नहीं, पाकिस्तान का साथ देने की चीन की मंशा पर रोक तभी लग सकती है जब भारत और ब्राजील को भी वीटो करने या वीटो को रद्द करने का पूरा अधिकार मिल जाए। संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद में जब लैटिन अमेरिकी देशों, कैरेबियन, एशिया और अफ्रीकी क्षेत्रों से विकासशील देशों को भी अधिक प्रतिनिधित्व होगा, तब अमेरिका की भी मनमानी करने से रोका जा सकेगा। भारत का इजराइल जितना ही विश्वसनीय देश ब्राजील भी है।

सुरक्षा परिषद का विस्तार होने पर इजराइल को भी यदि इसका स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया जाता है तो यह भारत के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे एशिया महाद्वीप, लैटिन अमेरिका, अफ्रीकी देशों और अरब देशों के लिए बेहद फायदेमंद होगा। भारत की स्थायी सदस्यता का मतलब दुनिया को आतंकवाद जैसी सबसे गम्भीर समस्या से निजात मिल सकेगी, क्योंकि उन देशों पर लगाम लगाने में सहुलियत होगी, जो आतंक और आतंकवादियों को संरक्षण और पोषण देने का कार्य करते हैं। तत्काल ब्राजील चाहता है कि भारत 2028-29 की अवधि के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य के रूप में शामिल कर लिया जाए। कुछ वर्षों से दुनिया में अशांति और कहीं-कहीं युद्ध के हालात बने हैं। इससे भू-राजनीतिक तनाव बढ़ा है। ऐसे में जरूरी है कि बहुपक्षवाद को मजबूती मिले और विवादों का शांतिपूर्ण समाधान के लिए संवाद और अन्य तंत्रों को तत्काल पुनर्जीवित किया जाए। भारत का अतीत बताता है कि इसने हमेशा दुनिया में शांति प्रयासों और आपसी मैत्रीपूर्ण नीति का समर्थन किया। यही कारण है कि भारत ने रूस-यूक्रेन, इजराइल-फिलिस्तीन युद्ध को शांतिपूर्ण नीतियों से हल करने या अमेरिकी दादागीरी के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की। इससे दुनिया को यह संदेश गया कि भारत आज जिस स्थिति में है, उसे संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की स्थायी सदस्यता मिलनी ही चाहिए। यह इसलिए भी जरूरी है कि अमेरिकी दखल की वजह से विश्व मैत्री को बढ़ावा देने वाली इस संस्था की प्रासंगिकता धीरे-धीरे खत्म हो रही है। भारत की सदस्यता इसका सबसे बेहतर उपचार है। जिस तरह से ब्राजील, जापान, जर्मनी, फ्रांस और इजराइल ने भारत के साथ सैन्य अभ्यास को बढ़ाया है उससे यह साफ हो गया है कि भारत के साथ मुसीबत के दिनों में इन मित्र देशों का साथ मिलने में सहुलियत होगी। इससे अप्रासंगिक हो रहे यूएनओ की महत्ता ही बहाल न होगी बल्कि वीटो के मनमानी इस्तेमाल पर उन देशों पर रोक लगेगी, जो भारत विरोधी देशों के समर्थन में देखे जाते थे।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## तकनीक

आशुतोष कुमार सिंह



# टेक्नोलॉजी से पोषण तकः बदल रही राशन वितरण की व्यवस्था

मिशन पोषण 2.0 के अंतर्गत लागू पोषण ट्रैकर आज दुनिया की सबसे बड़ी सरकारी वित्तपोषित पोषण निगरानी प्रणालियों में शामिल है। यह आंगनबाड़ी सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सरल और जवाबदेह बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। पोषण ट्रैकर सिर्फ एक ऐप नहीं, बल्कि ऐसा डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसने पहली बार महिलाओं और बच्चों से जुड़ी पोषण जानकारी को वास्तविक समय में दर्ज और समझना संभव बनाया है। आज यह 14 लाख से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों को जोड़ता है और छोटे बच्चों की लम्बाई, वजन, कुपोषण के संकेत, साथ ही गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं की पोषण स्थिति का रिकॉर्ड लगातार अपडेट करता है। कई राज्यों में यह किशोरियों की पहचान और उनके लिए दी जा रही सेवाओं को भी ट्रैक करता है। इससे 8 करोड़ से अधिक बच्चों, माताओं और किशोरियों का एक स्पष्ट पोषण प्रोफ़ाइल तैयार हो पाया है- खास तौर पर उन समूहों का, जिनमें कुपोषण की संभावना सबसे ज़्यादा हो सकती है। पोषण ट्रैकर ने आंगनवाड़ी सेवाओं की डिलीवरी को भी अधिक पारदर्शी बनाया है। पहले आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को भारी-भरकम रजिस्टरों में डेटा भरना पड़ता था, जिसे न समय पर देखा जा सकता था और न ही निर्णय-निर्माण में इस्तेमाल किया जा सकता था। अब वही जानकारी मोबाइल पर आसानी से दर्ज हो जाती है और तुरंत उपयोग के लिए उपलब्ध रहती है। इससे ब्लॉक, ज़िला, राज्य और केंद्र स्तर के अधिकारी समझ पाते हैं कि किस क्षेत्र में कुपोषण अधिक है, कहां सेवाएं कमजोर हैं और किन स्थानों पर तुरंत हस्तक्षेप की आवश्यकता है।




यह एक सतत सुधार वाली प्रणाली है, जिसने स्थानीय स्तर पर पोषण सेवाओं की पहचान और समय पर पहुंच के कई नए अवसर खोले हैं, क्योंकि टेक-होम राशन सीधे लाभार्थी तक पहुंचने वाली सेवा है, इसलिए इसे पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए ई- केवाईसी और एफआरएस जैसी प्रक्रियाएं लाई गई हैं। इसका मूल उद्देश्य यही है कि सभी पात्र लाभार्थियों तक टेक-होम राशन सही मात्रा में और समय पर पहुंचे, साथ ही व्यवस्था में मौजूद संभावित लीकेज, मनमानी और भ्रष्टाचार जैसी चुनौतियों को कम किया जा सके। ई-केवाईसी वह प्रक्रिया है जिसमें आधार नंबर दर्ज कर ओटीपी के माध्यम से पहचान सत्यापित होती है। यह एक बार की प्रक्रिया है, हर महीने इसे दोहराने की कोई आवश्यकता नहीं। एक बार हुए ई-केवाईसी से लाभार्थी का आजीवन डिजिटल पहचान रिकॉर्ड बन जाता है, जिससे सेवाएं निर्बाध मिलती हैं। दूसरी ओर, एफआरएस यह दर्ज करता है कि "कब–कहां–किसे" राशन मिला। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ऐप में लाभार्थी को चुनती हैं, लाइव फोटो लेती हैं, और सिस्टम उसे पहले से मौजूद तस्वीर से मिलाकर वितरण की पुष्टि करती है। यह प्रक्रिया ऑफ़लाइन मोड में भी चलती है, जिससे दूरदराज क्षेत्रों में भी वितरण की जांच आसानी से हो जाती है। सबसे महत्त्वपूर्ण बात किसी भी बच्चों की फोटो नहीं ली जाती; उनके अभिभावक की पहचान ही पर्याप्त मानी जाती है। आंकड़े दर्शाते हैं कि 31 दिसम्बर 2025 तक 4.73 करोड़ पात्र राशन लाभार्थियों में से 4.51 करोड़ का ई- केवाईसी और आधार आधारित चेहरा मिलान पूरा हो चुका है। यह लगभग 95.4% कवरेज है, जो स्पष्ट दिखाता है कि वास्तविक लाभार्थी न तो ई- केवाईसी से परेशान हैं और न ही एफआरएस से। कम नेटवर्क की समस्या के समाधान के लिए फैस मैचिंग को ऑफ़लाइन मोड में भी एक्टिवेट किया गया है। इस पहल को केवल तकनीकी सुधार के रूप में नहीं, बल्कि सेवा वितरण में विश्वास बढ़ाने के कदम के रूप में देखा जाना चाहिए। पोषण ट्रैकर की सफलता ऐप या एल्गोरिद्म की नहीं, बल्कि विश्वास की कहानी है- एक ऐसी प्रणाली जहां लाभार्थी बिना भटकाव के अपना हक़ पाए, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का काम सरल हो और सरकार का हर संसाधन पारदर्शी रूप से सही व्यक्ति तक पहुंचे। पूरी दुनिया डिजिटल हो रही है और भारत इस परिवर्तन का नेतृत्व कर रहा है। ऐसे में स्वास्थ्य और पोषण जैसी जीवन-निर्भर सेवाओं का डिजिटल होना स्वाभाविक और आवश्यक है। इसलिए, यदि आप लाभार्थी हैं, तो इन पहलों को अपनाएं, दूसरों को भी जागरूक करें, और सुनिश्चित करें कि आपका अधिकार आपको बिना किसी बाधा के मिले। तकनीक तभी सार्थक है, जब वह अधिकारों को सुरक्षित और सुलभ बनाए, और पोषण ट्रैकर इसी दिशा में एक बड़ा कदम है।

(लेखक स्वस्थ भारत, पंजी. न्यास के चेयरमैन हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# सब प्राणियों का मार्गदर्शन करती हैं मां जगदंबा




संकलित

दर्शन

इस जगत की प्रत्येक वस्तु, चर या अचर का मूल स्रोत एक निगूढ़ शक्ति है, जो तर्क और बुद्धि की सीमा के परे है! कोई पूछे कि यह शक्ति स्त्रीलिंग है या पुंल्लिंग, तो उत्तर के स्त्रीलिंग होने की संभावना अधिक है। जैसे एक नए जीवन को गढ़ने के लिए सहनशीलता, धैर्य, करुणा और क्षमता एक मां में ही होती है, वैसे ही विश्वमातृत्व की अनंत शक्ति ही इतने महत एवं विशाल जगत को जन्म दे सकती है। नवरात्र में, पहले तीन दिन दुर्गा देवी की उपासना की जाती है, फिर अगले तीन दिन लक्ष्मी देवी की और अंतिम के तीन दिन सरस्वती देवी की! देवी के ये तीन रूप क्रमशः तीन गुणों के प्रतीक हैं-तमोगुण, रजोगुण और सतोगुण। यहां हम आश्चर्य में पड़ सकते हैं कि दुर्गा देवी तम की प्रतीक क्यों? भौतिक जगत में रहते हुए थोड़े-बहुत तमोगुण की भी आवश्यकता होती है। तमस पर्याप्त न हो तो हम ठीक से सो भी नहीं पाएंगे। आज कितने लोग अनिद्रा से ग्रस्त नींद की गोलियों के आदी हैं? क्यों उन्हें ठीक से नींद नहीं आती? क्योंकि उनके शरीर में तमस की कमी है। अतः वे अपने शरीर में कृत्रिम रूप से तमस का निर्माण करते हैं! बीच के तीन दिन, देवी की पूजा लक्ष्मी रूप में होती है- रजोगुण के रूप में, जिसकी आवश्यकता किसी भी कार्य को करने में होती है। पैसा कमाना हो, चाहे कोई इच्छा पूरी करनी हो। शरीर में अत्यधिक या अति न्यून रजोगुण होना भी समस्याएं खड़ी करता है। अत्यधिक रजोगुण होगा तो ठीक से सोच भी नहीं सकते और शांति-विश्रांति भी दूर रहती है! फिर तनाव, चिंता और उच्च रक्तचाप हो जाता है।

# नई बातें सीख पाएंगे तो व्यक्तित्व में निखार आएगा



संकलित

प्रेरणा

एक गरीब व्यक्ति अर्जुन के पास पहुंचा और बोला कि कोई चोर उसकी गाय चुराकर ले गया है। मेरी मदद करें। अर्जुन उस व्यक्ति की मदद के लिए अपने धनुष-बाण लेने युधिष्ठिर-द्रौपदी के कमरे में चले गए। अर्जुन ने उस गरीब की मदद तो कर दी, लेकिन पांडवों का बनाया हुआ नियम तोड़ दिया। ये नियम तोड़ने के लिए अर्जुन को वनवास जाना पड़ा। अर्जुन 12 वर्षों के लिए अकेले ही वनवास के लिए निकल पड़े थे। वे वन-वन घूम रहे थे। अर्जुन ने तय किया कि मुझे इस वनवास में तपस्या करके अपने व्यक्तित्व को और निखारना चाहिए। उन्होंने सोचा कि मुझे वन में दुखी नहीं होना चाहिए, बल्कि नए लोगों से मिलकर कुछ नया सीखना चाहिए। वनवास के समय में एक श्रीकृष्ण और अर्जुन की मुलाकात हुई। अर्जुन ने पूरी बात श्रीकृष्ण को बता दी। श्रीकृष्ण ने कहा कि तुम मेरे साथ द्वारका चलो। अर्जुन ने कहा कि मुझे तो वनवास में ही रहना है। मैं वन से बाहर नहीं जा सकता। श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा कि वन में घूमो और नए-नए स्थानों का, नई-नई विद्याओं का ज्ञान प्राप्त करो। जब हम यात्रा में होते हैं, तब हमें लगातार नया सीखते रहने की कोशिश करनी चाहिए। तभी यात्रा का लाभ मिल सकता है। वन तो तुम देख चुके हो, अब मैं तुम्हें द्वारका इसीलिए ले जा रहा हूं, ताकि तुम एक ऐसी नगरी देख सको, जहां तुम्हें और नई बातें सीखने को मिलेगी। द्वारका में योग में भोग और भोग में योग देखने को मिलेगा। तुम्हें द्वारका में बहुत बड़ा संदेश मिलेगा। श्रीकृष्ण की बातें मानकर अर्जुन द्वारका चले गए।

## सटाका




## आज की पाती

### अमेरिकी टैरिफ पर सियासत नहीं, रणनीति की जरूरत

अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा सभी देशों पर पंद्रह प्रतिशत समान टैरिफ लगाने की घोषणा ने वैश्विक व्यापार जगत में नई हलचल पैदा कर दी है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। पहले दस प्रतिशत की बात हुई फिर चौबीस घंटे के भीतर पंद्रह प्रतिशत का ऐलान कर दिया गया। इस बदलाव ने यह स्पष्ट कर दिया कि अमेरिका अपनी घरेलू आर्थिक और राजनीतिक जरूरतों के अनुसार व्यापार नीति को हथियार की तरह इस्तेमाल कर रहा है। ऐसे समय में भारत को भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं बल्कि संतुलित और व्यावहारिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है। भारतीय राजनीति में इस मुद्दे को लेकर आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी ने इसे देश के साथ धोखा बताया और सरकार पर अमेरिकी दबाव में झुकने का आरोप लगाया।

*- कांतिलाल मांडोत, सूरत*

## करंट अफेयर

# ब्रह्मांड के विशाल तारे में विस्फोट होने की आशंका


ब्रह्मांड के सबसे बड़े ज्ञात तारों में से एक डब्ल्यूओएच जी64 में वर्ष 2014 में बड़ा परिवर्तन दर्ज किया गया और नए शोध के अनुसार इसमें विस्फोट होने की आशंका है। एथेंस की राष्ट्रीय वेधशाला के गोंजालो मुन्योस-सांचेज के नेतृत्व में किए गए अध्ययन में कहा गया है कि यह तारा अपनी लाल विशाल अवस्था से दुर्लभ पीली अतिविशाल अवस्था में प्रवेश कर चुका है। वैज्ञानिकों का मानना है कि यह बदलाव तारे के जीवन के अंतिम चरण का संकेत हो सकता है। अति-विशाल अवस्था में पहुंचने के बाद तारे का जीवन आमतौर पर महाविस्फोट के साथ समाप्त होता है। यह अध्ययन 'नेचर एस्ट्रोनॉमी' में प्रकाशित हुआ है। डब्ल्यूओएच जी64 की खोज 1970 के दशक में 'लार्ज मैनेलैनिक क्लाउड' में हुई थी, जो हमारी आकाशगंगा के निकट स्थित एक बौनी आकाशगंगा है। यह तारा अत्यंत चमकीला और असाधारण रूप से विशाल है, जिसका आकार सूर्य की त्रिज्या से लगभग 1,500 गुना अधिक आंका गया है। वर्ष 2024 में अत्यंत विशाल दूरदर्शी 'इंटरफेरोमीटर' की मदद से इसकी विस्तृत तस्वीर ली गई, जिसमें इसके चारों ओर धूल का घना आवरण दिखाई दिया। इससे संकेत मिला कि यह तारा उम्र बढ़ने के साथ अपना द्रव्यमान तेजी से खो रहा है।



## ऑफ बीट

# आपके अस्थमा को बर्गर व चिप्स करते हैं प्रभावित

कुछ खाद्य पदार्थ या आहार पैटर्न आपके अस्थमा के बेहतर नियंत्रण से जुड़े हुए हैं। अन्य इसे बदतर बना सकते हैं। आपने जो खाया है उसके आधार पर, आप घंटों में प्रभाव देख सकते हैं। भोजन इस बात पर असर डाल सकता है कि आपके फेफड़े कितनी अच्छी तरह काम करते हैं, आपको कितनी बार अस्थमा का दौरा पड़ता है और आपका पफ़र कितनी अच्छी तरह काम करता है। यहां हम जानते हैं कि यदि आपको अस्थमा है तो कौन से खाद्य पदार्थ अधिक खाने चाहिए और कौन से कम मात्रा में खाने चाहिए। अस्थमा एक प्रदाह संबंधी बीमारी है। जब कोई व्यक्ति कुछ ट्रिगर्स (जैसे श्वसन वायरस, धूल या व्यायाम) के संपर्क में आता है, तो फेफड़ों तक जाने वाले वायुमार्ग में प्रदाह होता है और यह संकीर्ण हो जाते हैं। अस्थमा से पीड़ित वयस्कों के लिए फलों और सब्जियों से भरपूर आहार खाना भी महत्वपूर्ण है। संतृप्त वसा अत्यधिक प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों जैसे बिस्कुट, सॉसेज, पेस्ट्री और चॉकलेट और फास्ट फूड में पाए जाते हैं। संतृप्त वसा, साथ ही चीनी और लाल मांस से भरपूर आहार किसी के अस्थमा के लक्षणों को बिगाड़ सकता है।



## ट्रेंड

### दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि



रांची से दिल्ली की ओर जा रहा एक एयर एंबुलेंस चतरा के निकट दुर्घटनाग्रस्त होने का अत्यंत दुखद एवं हृदयविदारक समाचार मिला है। विमान में सवार सभी सात लोगों के निधन की पुष्टि हुई है। इस असामयिक दुर्घटना में दिवंगत सभी आत्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं।

-अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय महिला विकास मंत्री

### अमेरिकी डील रद्द करें



मोदी जी, खुली चुनौती है - भारत-अमेरिका व्यापार सौदा रद्द करें। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप के फैसले को रद्द कर दिया, सभी देशों ने अपने फैसले पर फिर से बातचीत की, आप क्यों शामिल हैं? सारा देश जानता है कि आप ये नहीं कर सकते - क्योंकि आप अमेरिकी पकड़ में सरेंडर कर चुके हैं।

- राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस

### जन-आकांक्षाओं का बजट



झारखंड की जन-आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लाया गया यह अबुआ दिशोम बजट 2026-27 है। वर्ष 2050 तक युवा झारखंड का समृद्ध बनने का सफर सुगम एवं तीव्रता से भरा हो, यह सुनिश्चित करने के लिए बजट में कई प्रावधान किए गए हैं।

- हेमंत सोरेन, सीएम, झारखंड

### निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण



बीजेपी और आरएसएस की मानवीय दृष्टिकोण और संवेदनाओं की व्याख्या में करुणा की बजाय नफरत झलकती है। एक जरूरतमंद महिला को कंबल देने से वंचित करना बेहद निंदनीय और दुर्भाग्यपूर्ण है।

- सचिन पायलट, पूर्व केंद्रीय मंत्री



संक्षेप

## ब्रिटेन में भारतीयों के लिए ई वीजा अनिवार्य

लंदन। ब्रिटेन में बुधवार से लागू हो रहे नये नियमों के तहत एक डिजिटल पारगमन प्रणाली शुरू हो रही है, जिसमें भारतीय यात्रियों के लिए अनिवार्य ई-वीजा और बिना वीजा वाले आगंतुकों के लिए इलेक्ट्रॉनिक यात्रा अनुमति (ईटीए) लेना शामिल है। हाल के वर्षों में

**डिजिटल यात्रा प्रणाली लागू**

चरणबद्ध तरीके से लागू किये गए इस कार्यक्रम के तहत नयी प्रक्रिया कागज आधारित वीजा स्टिकर की जगह लेगी। हालांकि, नयी प्रणाली में बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए आवेदन केंद्र पर व्यक्तिगत रूप से जाना आवश्यक होगा, लेकिन इससे प्रक्रिया अवधि के दौरान पासपोर्ट दस्तावेज छोड़ कर जाने की आवश्यकता समाप्त हो जाएगी। ब्रिटेन के प्रवासन और नागरिकता मंत्री माइक टैप ने कहा, मैं ब्रिटेन की यात्रा करने के इच्छुक सभी लोगों से आग्रह करूंगा कि वे यात्रा के लिए पूरी तरह से तैयार रहें और उनके पास आवश्यक अनुमति हो, ताकि उनकी यात्रा सुगम हो सके। ब्रिटेन आने वाले यात्रियों के लिए डिजिटल यात्रा अनुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा, जिसका अर्थ है कि यदि यात्रियों के पास ई-वीजा, ईटीए या अन्य वैध दस्तावेज नहीं हैं तो एयरलाइन उन्हें विमान में सवार होने से रोक सकती है।

## राहुल व कांग्रेस भारत विरोधी ताकतों की कठपुतली : गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए बुधवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता और उनकी पार्टी देश की प्रगति को अस्थिर करने के लिए तुच्छ राजनीति कर रहे हैं और भारत विरोधी ताकतों के हाथों की कठपुतली की तरह काम कर रहे हैं।

गोयल ने यहां भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में आरोप लगाया कि गांधी परिवार कम्प्रोमाइज्ड (समझौता कर चुका) परिवार है और कांग्रेस एक कम्प्रोमाइज्ड राजनीतिक दल है।

भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा, गांधी परिवार ने हमेशा देश के हितों से समझौता किया है और इसकी शुरुआत देश के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू से हुई। गोयल ने आरोप लगाया कि गांधी ने भारत विरोधी ताकतों के साथ हाथ मिलाकर राष्ट्र हित से समझौता किया है। उन्होंने कहा, गांधी नकारात्मक राजनीति का चेहरा बन गये हैं।

## प्राथमिकी दर्ज न करने पर संदेह गहराया : पवार

एजेंसी



मुंबई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद चंद्र पवार) के विधायक रोहित पवार ने बुधवार को दावा किया कि मुंबई पुलिस ने उस विमान दुर्घटना के

**विमान दुर्घटना मामला**

संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने से इनकार कर दिया, जिसमें महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की मृत्यु हो गई थी, और कहा कि इससे दुर्घटना को लेकर संदेह और गहरा हो गया है।

रोहित पवार ने आरोप लगाया कि सरकार और सरकारी तंत्र किसी को संरक्षण दे रहे प्रतीत होते हैं।नागरिक उड्डयन निदेशालय (डीजीसीए) ने मंगलवार को वीएसआर वेंचर्स को चार विमानों का उपयोग फिलहाल नहीं करने का निर्देश दिया, जिसका विमान 28 जनवरी को बारामती में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। उस दुर्घटना में अजित पवार और चार अन्य लोगों की मृत्यु हो गई थी।

लियरजेट 45 विमान (वीटी-एसएसके) के 28 जनवरी को दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद, डीजीसीए ने वीएसआर वेंचर्स का एक विशेष सुरक्षा ऑडिट करने का आदेश दिया था। विमानन नियामक ने एक बयान में कहा कि बहु-विषयक ऑडिट दल ने कंपनी में विमान के उड़ान योज्ञ ना होने तथा हवाई सुरक्षा और उड़ान संचालन के क्षेत्र में अनुमोदित प्रक्रियाओं के कई गैर-अनुपालन पाए। रोहित पवार ने सोशल मीडिया मंच पर पोस्ट किये गए एक संदेश में दावा किया, ऐसे में जब अजित दादा के विमान दुर्घटना के संबंध में उचित कार्वाई की प्रतीक्षा है।

## बच्चों के टीकाकरण दिशानिर्देशों मे बदलाव पर ट्रंप प्रशासन पर मुकदमा

सैक्रामेंटो (अमेरिका)। अमेरिका में एक दर्जन से अधिक राज्यों ने बच्चों के टीकाकरण के लिए सिफारिशों में बदलाव को सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए अवैध और खतरनाक कदम बताते हुए ट्रंप प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दायर किया है।

राज्यों ने मंगलवार को दायर याचिका में कहा कि रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केंद्र (सीडीसी) ने पिछले महीने यह घोषणा कर बच्चों के जीवन को जोखिम में डाल दिया कि अब सभी बच्चों को फ्लू, रोटावायरस, हेपेटाइटिस ए, हेपेटाइटिस बी, कुछ प्रकार के मेनिन्जाइटिस और आरएसवी के खिलाफ अनिवार्य रूप से टीका लगाने की सिफारिश नहीं की जाएगी।

नए दिशानिर्देश के तहत इन बीमारियों से सुरक्षा केवल उन समूहों के लिए सुझाई गई है जिन्हें उच्च जोखिम वाला माना गया है या फिर डॉक्टर की सलाह पर साझा निर्णय प्रक्रियौ के तहत टीकाकरण की अनुशंसा की गई है। इस बदलाव की चिकित्सा विशेषज्ञों ने आलोचना की है।

## राहुल गांधी ने पीएम पर लगाये झूठे व अनर्गल आरोप

एजेंसी



भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के संदर्भ में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बारे में झूठे और अनर्गल आरोप लगाए हैं। उन्होंने आरोप लगाया, जबकि सच्चाई यह है कि नेहरू-गांधी परिवार ने हमेशा राजनीति को देश से ऊपर रखा है। यादव ने यह भी आरोप लगाया कि लंबे समय तक देश पर शासन करने वाली कांग्रेस ने हमेशा किसानों के साथ अन्याय किया और आज वह अन्नदाताओं की आड़ में अपना राजनीतिक लाभ के लिए संभावनाएं तलाश रही है। राहुल गांधी ने मंगलवार को भोपाल में कांग्रेस की ओर से आयोजित किसान महाचौपाल को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री मोदी आरोप लगाया था कि एप्स्टीन फाइल्स जारी करने की धमकी और उद्योगपति गौतम अदाणी के खिलाफ अमेरिका में चल रहे आपराधिक मुकदमे के कारण दबाव में आकर प्रधानमंत्री मोदी ने भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते को मंजूरी दी है। राजधानी को यह चुनौती भी दी थी कि अगर उनमें हिम्मत है तो वह इस करार को रद्द करके दिखाएं। यादव ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा, राहुल गांधी ने जिस प्रकार से झूठे और अनर्गल आरोप लगाए हैं, मैं तो बाबा महाकाल से प्रार्थना करता हूं कि वह उनको सद्‌बुद्धि दें। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को क्षमा याचना करनी चाहिए कि उनके पुरखों ने देश में लंबे समय तक शासन किया और किसानों के साथ लगातार अन्याय किया। मुख्यमंत्री ने कहा आज वह किसानों की आड़ में अपना मतलब निकाल रहे हैं। वे इसमें अपने लिए संभावनाओं के द्वार देख रहे हैं लेकिन ऐसी कोई संभावना खुलने वाली नहीं है। उन्होंने कहा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पहले अपने कांग्रेस शासनकाल के काले पन्नों का अध्ययन करें। मध्यप्रदेश में नदी जोड़ो अभियान में भारत सरकार किसानों के कल्याण के लिए 90 प्रतिशत अनुदान दे रही है।

## पूर्वोत्तर पर अत्याचार सहन नहीं किया जायेगा : रीजीजू

एजेंसी



नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू और अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने बुधवार को कहा कि पूर्वोत्तर के लोगों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और इस तरह के अपराध करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्वाई की जायेगी।


रीजीजू और खांडू दक्षिण दिल्ली के मालवीय नगर इलाके में अरुणाचल प्रदेश की तीन लड़कियों के साथ हुई उस घटना पर प्रतिक्रिया दे रहे थे, जिसमें उनके पड़ोसियों द्वारा कथित तौर पर नस्ली टिप्पणी की गई थी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घटना की सूचना मिलने के दिन से ही वह और उनका कार्यालय संबंधित अधिकारियों के संपर्क में थे। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा मैंने व्यक्तिगत रूप से पुलिस से बात की है और (मैं) इस मामले पर नजर रख रहा हूं। गिरफ्तारी हो चुकी है और आगे कड़ी कानूनी कार्वाई शुरू की जायेगी।

हम ऐसा सबक सिखाएंगे, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि पूर्वोत्तर के किसी भी व्यक्ति के साथ कोई दुर्व्यवहार न करे। खांडू ने कहा कि मामले की जानकारी मिलते ही उन्होंने दिल्ली के पुलिस आयुक्त (सीपी) से बात की और त्वरित एवं सख्त कार्वाई की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा सीपी व्यक्तिगत रूप से मेरे संपर्क में हैं। आरोपियों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्वाई की जायेगी। उन्होंने कहा हम अपनी तीनों बहनों के साथ मजबूती से खड़े हैं और उनकी सुरक्षा, गरिमा और न्याय हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बनी रहेगी।

# भविष्य में नई ऊंचाइयों तक पहुंचेगा भारत-जापान औद्योगिक सहयोग : सीएम

## मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने का आग्रह किया

संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में दुनिया के बड़े निवेशकों को आमंत्रित करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर के बाद जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। यहां आयोजित वृहद यूपी निवेश रोड शो के दौरान मुख्यमंत्री ने वहां के उद्योगपतियों और निवेशकों को उत्तर प्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए भारत का सबसे बेहतर राज्य बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री ने जापानी उद्योगपतियों से उत्तर प्रदेश आने, निवेश करने और प्रदेश के आध्यात्मिक स्थलों का अनुभव लेने का आग्रह किया। उन्होंने विश्वास जताया कि यूपी में निवेश के माध्यम से भारत-जापान औद्योगिक सहयोग भविष्य में और मजबूत होगा। जापान को 'लैंड ऑफ द सनराइज' बताते हुए सीएम योगी ने कहा कि इस पावन धरा को नमन करता हूं। उत्तर प्रदेश सूर्यवंश के राजा भगवान श्रीराम की पावन जन्मस्थली है। यही नहीं, भगवान बुद्ध की पावन कर्मभूमि भी उत्तर प्रदेश ही है। भगवान बुद्ध से जुड़े विश्व के सर्वाधिक महत्वपूर्ण स्थल कपिलवस्तु, सारनाथ, श्रावस्ती, कुशीनगर, कौशांबी, सहित अनेक पवित्र स्थल उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में रामायण सर्किट एवं बौद्ध सर्किट को प्रभावी ढंग से विकसित किया जा रहा है, जिससे स्पिरिचुअल टूरिज्म को नई गति मिली है। जब भगवान राम और भगवान बुद्ध की बात होती है, तो यह सूर्यवंश की उस महान परंपरा से जुड़ती है, जिसकी प्रथम किरण का उदय जापान की धरती पर होता है। इसी सांस्कृतिक आत्मीयता के साथ मैं आप सभी का स्वागत करता हूं। मुख्यमंत्री ने जापान के उद्यमियों को विशेष रूप से यीडा क्षेत्र में प्रस्तावित जापान इंडस्ट्रियल सिटी के बारे में भी जानकारी दी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास ही जापानी निवेशकों के लिए जापान इंडस्ट्रियल सिटी विकसित की जा रही है। इसके लिए 500 एकड़ भूमि चिन्हित कर ली गई है। इसका उद्देश्य है कि जापानी उद्योग एक ही स्थान पर क्लस्टर के रूप में निवेश कर सकें।

### यूपी में मेगा ट्रांसफॉर्मेशन से उद्योगों का बढ़ा भरोसा

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियों के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश को भारत का उभरता औद्योगिक ग्रोथ इंजन बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राज्य में पिछले नौ वर्षों में व्यापक परिवर्तन हुआ है, जिसने यूपी को निवेश के लिए सबसे भरोसेमंद गंतव्य बना दिया है। मारुति सुजुकी के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (कॉरपोरेट अफेयर्स) राहुल भारती ने कहा कि लगभग नौ वर्ष पहले तक उत्तर प्रदेश मैन्युफैक्चरिंग इकोसिस्टम के लिए आकर्षक नहीं माना जाता था, लेकिन नई सरकार के गठन के बाद राज्य में मेगा ट्रांसफॉर्मेशन देखने को मिला। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूपी को हर क्षेत्र में नंबरव न बनाने का लक्ष्य रखा और कुछ ही वर्षों में उसके परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगे। आज उत्तर प्रदेश राजस्व, वित्तीय अनुशासन, मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग, एक्सप्रेसवे नेटवर्क, कृषि उत्पादन, पौधरोपण, एथेनॉल उत्पादन, हैंडीक्राफ्ट निर्यात और पर्यटन जैसे अनेक क्षेत्रों में अग्रणी है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि इलेक्ट्रिक और स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहन नीति के कारण यूपी देश में ईवी तथा हाइब्रिड वाहनों की वृद्धि दर में शीर्ष राज्य बन गया है। महत्वपूर्ण बात यह रही कि यह उपलब्धि सरकारी राजस्व में कमी लाए बिना हासिल हुई, बल्कि राजस्व में वृद्धि दर्ज की गई। राहुल भारती ने यूपी की नीति व्यवस्था को वाइब्रेंट पॉलिसी इकोसिस्टम बताते हुए कहा कि मजबूत कानून-व्यवस्था, तेज निर्णय क्षमता और त्वरित क्रियान्वयन उद्योगों के लिए भरोसेमंद वातावरण तैयार करते हैं। सुब्रोस और स्पार्क मिंडा जैसी ऑटो कंपोनेंट कंपनियां यूपी में सक्रिय हैं, जिससे राज्य का ऑटोमोबाइल इकोसिस्टम मजबूत हुआ है। रोड शो में मिंडा कोऑपरेशन लि. के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर आकाश मिंडा ने कहा कि आज का उत्तर प्रदेश स्केल, स्पीड और स्टेबिलिटी का सशक्त उदाहरण है।

# देव देश प्रतिष्ठान की पहल से पिछड़े तबके के स्टूडेंट्स को पढ़ाई का सामान बांटा गया

एजेंसी

मुंबई,:- देव देश मेडिकल एजुकेशनल सोशल फाउंडेशन (रजिस्टर्ड) की पहल के तहत, डठॠउ और ऑल इंडिया रउ/रळ एम्प्लॉइज वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकर, सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल, घाटकोपर वेस्ट, मुंबई में रउ और रळएनुअल कंपोनेंट स्कीम 2025-26 के तहत मुंबई समेत 22 अलग-अलग दूर-दराज के आदिवासी इलाकों के स्टूडेंट्स को पढ़ाई का सामान सफलतापूर्वक बांटा गया। यह पहल देव देश प्रतिष्ठान के प्रेसिडेंट वैभव देवगीरकर की कोशिशों से पूरी हुई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे रवि शंकर - ईडी, चीफ एचआर सर्विसेज डब्ल्यूओयू मुंबई, एनसी बलियार सिंह - जीजीएम (एचआर), मुंबई आरओ एचआर/ईआर, किरण मेश्राम - जीएम (एचआर), मुंबई आरओ, अन्नादुरई एस - जीएम (एफ एंड ए), मुंबई आरओ फाइनेंस, विवेक झिणय - जीएच (एचआर), एससी/एसटी के लिए आरएलओ, पराग एस रामटेके - अध्यक्ष, अखिल भारतीय एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ, मुंबई, रतन भनारकर सचिव, अखिल भारतीय एससी/एसटी कर्मचारी कल्याण संघ, मुंबई, श्री रतन भनारकर, सचिव श्री मिथुन गायकवाड़, उपाध्यक्ष श्री गोपीचंद मौंडेकर संयुक्त सचिव, श्री प्रबल प्रताप सिंह सीईसी सदस्य श्री दीपक गायकवाड़ कार्यकारी सदस्य, दत्तात्रेय सावंत इस समय, ऑर्गनाइजर ने इस प्रोग्राम के बारे में बताया कि यह पहल डठॠउ और ऑल इंडिया रउ/रळएम्प्लॉइज वेलफेयर ऑर्गनाइजेशन के साथ मिलकर देव देश मेडिकल एजुकेशनल सोशल फाउंडेशन (रजिस्टर्ड) की पहल से सफल हुई। हम हर बच्चे के लिए सामाजिक उत्थान, समावेशी विकास और अच्छी शिक्षा के लिए कमिटेड हैं। यह पहल इन सभी ऑर्गनाइजेशन के सहयोग से राज्य के दूर-दराज के इलाकों के स्टूडेंट्स के लिए एक उज्ज्वल भविष्य बनाने के मकसद से लागू की गई है और लगभग 22 दूर-दराज के आदिवासी इलाकों में सुविधाओं से वंचित जरूरतमंद स्टूडेंट्स और स्कूलों को 296 बेंच, 5 स्मार्ट इंटरैक्टिव बोर्ड, 29 कंप्यूटर, 45 फल, 7 प्रिंटर जैसी एजुकेशनल मटीरियल बांटने की पहल से फायदा हुआ है।

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ०ग०**
**ईशतहार**
**रा०प्र०क्र०-/अ-6/2025 20**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण कृष्ण मोहन कसारी आ.स्व. कुसू साहू उम्र 62 वर्ष, श्रीमती समलई देवी पति स्व. इन्द्रमोहन कसारी उम्र 48 वर्ष, विनोद कुमार कसारी आ.स्व. कुसू साहू सभी जाति कसेर, सभी निवासी तिवारी बिल्डिग रोड़ केदारपुर, अम्बिकापुर जिला सरगुजा के द्वारा माननीय प्रथम अपर जिला न्यायाधीश अम्बिकापुर के व्यवहार बाद क्रमांक 27 अ/2016 में निर्णय दिनाक 08/01/2025 के परिपालन में आवेदकगण के हिस्से के अनुसार बंटवारा का पालन कर संशोधन एवं नक्शे में सुधार हेतु व्यवहार बाद क्रमांक 27 अ/2016 में निर्णय दिनांक 08/01/2025 की छायाप्रति, मयदस्तावेज सहित आवेदन पत्र, अनार्गत धारा 109, 110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के तहत प्रस्तुत किया गया है। अतः उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वंय अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 11/03/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/अपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक- 17/02/2026 को मेरे न्यायलयीन मुद्रा एंव हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक दंडाधिकारी रामानुजनगर जिला सूरजपुर(छग)**
**//ईस्तहार//**
**रा.प्र, क्रमांक इ/21/25-26**

आम जनता ग्रामवासी ग्राम पटना को सूचित किया जाता है कि नैन प्रताप आ.सुखल जाति गोंड़ निवासी ग्राम पटना थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छग) द्वारा अपने दादी सजनी पति मोहर साय का मृत्यु दिनांक 07/05/1998 सात मई सन्-उन्नीस सौ अन्ठान्बे के होने से अपने दादी सजनी पति मोहर साय का मृत्यु प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है, जिस पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिस किसी आम जनता ग्रामवासीयों को कोई आपत्ति आक्षेप हो तो वह अपना आपत्ति दिनांक 06 03 2026 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है नियत तिथि के पस्चात कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं अग्रिम कार्रवाई कर दी जावेगी। आज दिनांक 20/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार कार्यपालिक दंडाधिकारी
रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छग)

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०/2532/अ-20 (3)/2025-26**
**ईशतहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक विनायक सिंह आ० अशोक कुमार सिंह, निवासी देवीगंज रोड़ अम्बिकापुर, तहसील अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर-02 मोहल्ला सत्तीपारा, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 718, 719/9 रकबा 0.05, 0.05 एकड़ भूमि को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक -09/03/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत समय-सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा। आज दिनांकः- 18/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी
अम्बिकापुर

**सूचनाएँ नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अशोक दास पिता श्री रामचन्द्र राम उम्र 35 वर्ष, जाति पनिका, ग्राम सहनपुर तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा छ.ग.का निवासी जो कि मेरी पुत्री का वास्तविक नाम सुशमिता है जो उसके शैक्षणिक प्रमाण पत्र तथा जन्म प्रमाण पत्र में अंकित है किन्तु उसके आधार कार्ड में मेरी पुत्री का नाम भाग्यरथी अंकित है तथा जन्म तिथि 31.08.2014 अंकित जिसे परिवर्तीत कर वास्तविक नाम एवं जन्म तिथि को दर्ज कराने के सम्बन्ध में सक्षम अधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया हूँ। नया नाम सुशमिता

जन्म तिथि-15.11.2014 पिता-अशोक दास निवासी - ग्राम सहनपुर तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) जिला सरगुजा छ.ग.

पुराना नाम
भाग्यरथी जन्म तिथि-31.08.2014
पिता-अशोक दास
निवासी - ग्राम सहनपुर
तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर)
जिला-सरगुजा छ.ग.
पिन नं.497101

**न्यायालय तहसीलदार/कार्यपालिक दंडाधिकारी रामानुजनगर जिला सूरजपुर(छग)**
**//ईस्तहार//**
**रा.प्र, क्रमांक इ/12/25-26**

आम जनता ग्रामवासी ग्राम पटना को सूचित किया जाता है कि श्री नैन प्रताप आ.श्री सुखल जाति गोंड़ निवासी ग्राम पटना थाना रामानुजनगर तहसील रामानुजनगर जिला सूरजपुर छ ग द्वारा अपने बड़ी माता अवतारी पत्नी जयकरण का मृत्यु दिनांक 15/09/2003 पंद्रह सितंबर दो हजार तीन के होने से अपने बड़ी माता अवतारी पति जयकरण का मृत्यु प्रमाणपत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है,जिस पर कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। जिस किसी आम जनता/ग्रामवासीयों को कोई आपत्ति /आपेक्ष हो तो वह अपना आपत्ति दिनांक 06/03/2026को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है,नियत तिथि के पस्चात कोई विचार नहीं किया जावेगा और अग्रिम कार्रवाई कर दी जाएगी।

आज दिनांक 20/02(2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया है।

तहसीलदार कार्यपालिक दंडाधिकारी
रामानुजनगर जिला सूरजपुर (छग)

**शपथ पत्र**

मैं मंगल सिंह आ०अनूक राम उम्र 33 वर्ष जाति गोड निवासी ग्राम शंकरपुर पो०खम्हरिया तहसील उदयपुर जिला सरगुजा छ०ग० निम्नांकित कथन शपथ पूर्वक करता हूँ-

1. मैं शपथपूर्वक कथन करता/करती हूँ कि मेरी पुत्र संजू के आधार कार्ड नं0 407061300643 में उसका नाम अजू सिंह जन्म तिथि 08/11/2013 अंकित है जो त्रुटिवश गलत अंकित हो गया है।2. मैं शपथपूर्वक कथन करता/करती हूँ कि मेरे पुत्र संजू के सभी शीक्षणिक प्रमाण पत्र एवं जन्म प्रमाण पत्र में उसका नाम संजू (SANJU) एवं जन्मतिथि 01/03/2013 अंकित है। जो सत्य एवं सही है।3. मैं शपथपूर्वक कथन करता/करती हूं कि मेरे पुत्र का नाम संजू (SANJU) एवं जन्म दिनांक 01/03/2013 सुधारा जावे जोकि उसके जन्म प्रमाण पत्र एवं पांचवी की अंकसूची में अंकित है जिसके समर्थन में स्वयं का शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूँ।

ह० शपथकर्ता

**न्यायालय नजूल अधिकारी, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा**
**रा०प्र०क्र०//अ-20(3)/2025-26**
**ईशतहार**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका संतोष बंसल पत्नी भगवान दास बंसल, जाति अग्रवाल, निवासी महामाया रोड़ अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा, छ०ग० के द्वारा शीट नम्बर-08 मोहल्ला न्यू महामाया रोड़ अम्बिकापुर, नगर अम्बिकापुर स्थित नजूल प्लाट नम्बर 2559/26 रकबा 217.77 वर्गफीट एवं प्लॉट नं0 2559/27 रकबा 45.06 वर्गमीटर को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा-आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 09/03/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समय सीमा के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालीन पदमुद्रा से जारी।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

## एसपी डॉ0 यशवीर सिंह के निर्देश पर पर शातिर चोर गिरफ्तार

बस्ती /थाना नगर क्षेत्रांतर्गत तीन दुकानों किराने की दुकान, बिल्डिंग मटेरियल की दुकान और कपड़ों की दुकान मे चोरी करने वाले हुए अरेस्ट पुलिस ने चोरी का अनावरण करते हुए 6चोरों(एकबालअपचारी) को किया गिरफ्तार पुलिस ने चोरी गये सामान की शत-प्रतिशत बरामदगी कर 4मोटरसाइकिल,तीन चोरी की, घटना में प्रयुक्त किया बरामद रड नगर भानु प्रताप सिंह और रडॠ टीम प्रभारी निरीक्षक विकास यादव ने टीम के साथ किया गिरफ्तार पुलिस ने वीरेन्द्र कुमार पुत्र रामनाथ उम्र 22 वर्ष निवासी फुलवरिया बरगाह थाना नगर जनपद बस्ती को किया गिरफ्तार पुलिस ने 1 बाल अपचारी को किया पुलिस अभीरक्षा मे पुलिस ने शुभम सोनी पुत्र रग्घू प्रसाद सोनी उम्र 21 वर्ष निवासी महुआ थाना कोतवाली बांसी जनपद सिद्धार्थनगर हालपता गांधी नगर वार्ड नं0 12 थाना रुधौली जनपद बस्ती को किया गिरफ्तार पुलिस ने राज सोनकर पुत्र रामगोपाल सोनकर उम्र 20 वर्ष निवासी रूद्र नगर थाना रूधौली जनपद बस्ती को किया

# बीच सड़क बर्थडे सेलिब्रेशन पड़ा भारी, चार युवक-युवतियां हिरासत में

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



बिलासपुर । शहर में बीच सड़क बर्थडे सेलिब्रेशन करना चार युवक-युवतियों को महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो पर संज्ञान लेते हुए सरकंडा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों को हिरासत में लिया और उनके वाहन जब्त कर लिए। घटना के बाद पुलिस ने सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार के जश्न को लेकर सख्त चेतावनी जारी की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, अशोक नगर निवासी एक ड्राइवर ने मामले की शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता ने बताया कि 21 फरवरी की रात करीब 10:30 बजे जब वह काम से कोनी रोड की ओर जा रहा था, तब राधाकृष्ण मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर असामान्य भीड़ जमा थी। मौके पर एक बुलेट और एक स्कूटी बीच सड़क पर खड़ी थी, जिससे यातायात बाधित हो रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, बाइक की सीट पर केक रखकर बर्थडे सेलिब्रेशन किया जा रहा था। वहां मौजूद दो युवक और दो युवतियां सड़क के बीचोंबीच केक काटते और आतिशबाजी करते दिखाई दिए। बताया जा रहा है कि एक युवती ने बर्थडे क्राउन पहन रखा था और उसकी स्कूटी पर गिफ्ट भी रखे थे। सेलिब्रेशन के दौरान पटाखे जलाए गए, जिससे आसपास से गुजर रहे लोगों और वाहन चालकों को असुविधा का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि जश्न मना रहे युवकों ने राहगीरों से विवाद भी किया और सड़क पर खड़े होकर लापरवाहीपूर्ण व्यवहार किया। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो किसी राहगीर ने रिकॉर्ड कर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जो देखते ही देखते वायरल हो गया। वीडियो के वायरल होते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आया। मामले को गंभीरता से लेते हुए सरकंडा थाना पुलिस ने वायरल वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उन्हें थाने बुलाया। पूछताछ के बाद पुलिस ने सड़क यातायात बाधित करने, लापरवाहीपूर्वक वाहन खड़ा करने तथा सार्वजनिक व्यवस्था भंग करने से संबंधित धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया। साथ ही, मौके पर प्रयुक्त दोनों वाहन भी विधिवत जब्त कर लिए गए। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि सार्वजनिक स्थानों पर इस प्रकार के आयोजनों से न केवल यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है, बल्कि आम नागरिकों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। सरकंडा पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे सड़क या अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जश्न मनाते समय नियमों का पालन करें। पुलिस का कहना है कि भविष्य में भी यदि कोई व्यक्ति कानून व्यवस्था या यातायात में बाधा उत्पन्न करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई को शहर में अनुशासन और सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# ACB की कार्रवाई: 15 हजार की रिश्वत लेते प्राचार्य गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




बलौदाबाजार । जिले में एंटी करप्शन ब्यूरो ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक शासकीय विद्यालय के प्राचार्य को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपी प्राचार्य आर.एन. बया पर आरोप है कि उन्होंने विकलांग व्याख्याता का रुका हुआ वेतन पास करने के एवज में रिश्वत की मांग की थी। मामला तब सामने आया जब मोपका, भाटापारा निवासी खेमेश्वर डांडे ने अउइ में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत के अनुसार, उनके पिता विजय कुमार डांडे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोपका में व्याख्याता हैं। वर्ष 2017-18 में दुर्घटना के कारण वे दिव्यांग हो गए थे, लेकिन इसके बावजूद नियमित रूप से विद्यालय जाते रहे। आरोप है कि प्राचार्य आर.एन. बया वेतन आहरण में अनावश्यक अड़चन डालते थे और हर महीने 10 हजार रुपये रिश्वत लेकर वेतन जारी करते थे। शिकायत में यह भी बताया गया कि कई बार रिश्वत की रकम आरोपी ने अपने बैंक खाते में भी ली।

## 6 महीने से रोका था वेतन

करीब छह माह पहले प्राचार्य ने 10 हजार की जगह 15 हजार रुपये की मांग की। रकम नहीं देने पर व्याख्याता का छह महीने का वेतन रोक दिया गया। वरिष्ठ अधिकारियों से शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई, जिसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो में शिकायत की गई। शिकायत के सत्यापन के बाद अउइ की टीम ने ट्रैप बिछाया। भाटापारा रेलवे स्टेशन के पास आरोपी प्राचार्य आर.एन. बया को 15 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया गया। आरोपी के विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 7 के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष झुलसे

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



सारंगढ़-बिलाईगढ़ । सारंगढ़ के भारत माता चौक में आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान पुतला दहन कार्यक्रम अचानक हादसे में बदल गया। आग की लपटें तेज होने से युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष शुभम इसकी चपेट में आ गए और झुलस गए। जानकारी के अनुसार, विरोध स्वरूप पुतला दहन किया जा रहा था। इसी दौरान पुतले में लगाई गई आग ने अचानक विकराल रूप ले लिया। पास में खड़े शुभम के कपड़ों में आग लग गई। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। उपस्थित कार्यकताओं और लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास किया और उन्हें सुरक्षित बाहर निकाला। घायल अवस्था में उन्हें तत्काल नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है। चिकित्सकों के अनुसार उनकी स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है। घटना के बाद क्षेत्र का राजनीतिक माहौल गरमा गया है। विरोध प्रदर्शन के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं।

# धान खरीदी पर विधानसभा में हंगामा, विपक्षी विधायक गर्भगृह तक पहुंचे

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन




रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को धान खरीदी के मुद्दे पर जोरदार हंगामा देखने को मिला। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने इस विषय पर स्थगन प्रस्ताव पेश किया, जिसे अध्यक्ष द्वारा नामंजूर कर दिया गया। इसके बाद विपक्षी सदस्य आक्रोशित हो गए और नारेबाजी करते हुए गर्भगृह तक पहुंच गए। स्थगन प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति नहीं मिलने से विपक्ष ने सदन के भीतर जमकर विरोध किया। धान खरीदी के साथ-साथ किसानों से जुड़े अन्य मुद्दे भी उठाए गए। हंगामे के दौरान गर्भगृह में पहुंचने पर विपक्षी विधायक स्वतः निलंबित हो गए। इसके बाद वे नारेबाजी करते हुए सदन से बाहर चले गए।

## अनियमितताओं के आरोप

विपक्ष का आरोप है कि इस सीजन में धान खरीदी में भारी अनियमितता बरती गई है और पिछले वर्ष की तुलना में कम धान खरीदा गया। विपक्षी विधायकों का कहना था कि सरकार की मंशा ही धान खरीदने की नहीं थी। उन्होंने आरोप लगाया कि किसानों को शुरू से ही संदेह की नजर से देखा गया और विभिन्न प्रक्रियात्मक अड़चनों के जरिए उन्हें परेशान किया गया।

## कर्जमाफी या धान खरीदी की मांग

विपक्ष ने यह भी मुद्दा उठाया कि सक्ती, जैजैपुर, पामगढ़, अकलतरा और जांजगीर-चांपा समेत कई जिलों के किसानों ने किसान क्रेडिट कार्ड के जरिए ऋण लिया, लेकिन उनका धान नहीं खरीदा गया। ऐसे में सरकार या तो किसानों का कर्ज माफ करे या उनका धान खरीदे। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही कुछ समय के लिए बाधित रही।

# सूखे नशे के नेटवर्क पर बड़ी कार्रवाई, हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया गिरफ्तार

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



रायपुर। सूखे नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत रायपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। कालीबाड़ीझनेहरू नगर क्षेत्र में सक्रिय अवैध नशा तस्करी के संगठित नेटवर्क को ध्वस्त करते हुए लंबे समय से फरार हिस्ट्रीशीटर मुकेश बनिया और उसके भाई संजू को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई डीसीपी (क्राइम एवं साइबर) स्मृतिक राजनाला और डीसीपी (सेंट्रल जोन) उमेश प्रसाद गुप्ता के संयुक्त मॉनिटरिंग में एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट एवं सिटी कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा की गई। आरोपी मुकेश बनिया लगातार मध्यप्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और उड़ीसा में ठिकाने बदलकर फरार चल रहा था।

## आधुनिक हाइडआउट से मिला नशे का जखीरा

कार्रवाई की शुरूआत 24 फरवरी 2026 को हुई, जब नेहरू नगर नरैया तालाब क्षेत्र में अब्दुल जाफर और सुनील जगत को गांजा की फुटकर बिक्री करते पकड़ा गया। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर कालीबाड़ी क्षेत्र में नाले के पास बने एक हाइडआउट पर दबिश दी गई। यहां से लगभग 7 किलो 397 ग्राम गांजा, पैकिंग सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन, वाई-फाई उपकरण, सीसीटीवी कैमरे और मोशन सेंसर बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार यह ठिकाना आधुनिक तकनीक से लैस था, ताकि कार्रवाई से बचा जा सके। इसके बाद 25/26 फरवरी की दरम्यानी रात नरेश्वर मंदिर, नरैया तालाब क्षेत्र में सुनियोजित दबिश दी गई। मौके से मुकेश बनिया और उसका भाई संजू गिरफ्तार किए गए। तलाशी में उनके कब्जे से 6 किलो 119 ग्राम गांजा, एक देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, 2400 नग अल्प्राजोलम की नशीली गोलियां और मोबाइल फोन बरामद किए गए।

## दोनों आरोपियों पर कई गंभीर मामले दर्ज

मुख्य आरोपी मुकेश बनिया पर हत्या, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट, मारपीट, गुंडागर्दी और अवैध शराब बिक्री सहित 31 से अधिक आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। उसका भाई संजू भी 15 से अधिक मामलों में आरोपी है, जिनमें आर्म्स एक्ट, पॉक्सो एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और चोरी के मामले शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(बी), 21(बी) और आर्म्स एक्ट की धारा 25 के तहत मामला दर्ज कर विधिवत गिरफ्तार किया है। नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों और सप्लाई चेन की जांच जारी है। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट ने स्पष्ट किया है कि सूखे नशे के खिलाफ शून्य सहनशीलता की नीति के तहत आगे भी कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी।

# प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने अधोसंरचना का विस्तार हमारी प्राथमिकता-सीएम साय

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से आज नया रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कपिल देव ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने श्री कपिल देव को बेल मेटल से बनी प्रतिकृति, पुण्यभूमि छत्तीसगढ़ कॉफी टेबल बुक भेंट कर उनका अभिनंदन किया। मुलाकात के दौरान दोनों के बीच प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने, आधुनिक खेल अधोसंरचना के विकास, अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षण केंद्र तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को तैयार करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। इस दौरान मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह उपस्थित थे। मुख्यमंत्री श्री साय ने राज्य सरकार द्वारा खेलों के प्रोत्साहन और खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खेल संस्कृति को मजबूत करने के लिए अधोसंरचना, प्रशिक्षण और अवसरों का विस्तार सरकार की प्राथमिकता है।

# स्कूल बस पुल के नीचे गिरी, एक छात्र की मौत, 13 से अधिक घायल

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन



बालोद । जिले में बुधवार शाम एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब आजाद पब्लिक स्कूल की स्कूली बस अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिर गई। हादसे में एक छात्र की मौत हो गई, जबकि 13 से अधिक बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल डौंडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका उपचार जारी है। यह दुर्घटना मरारटोला गांव के पास, डौंडी थाना क्षेत्र में हुई। जानकारी के अनुसार, स्कूल की छुट्टी के बाद लगभग 15 बच्चे वाहन में सवार होकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान बस अचानक अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बस निर्धारित चालक के बजाय किसी अन्य व्यक्ति द्वारा चलाई जा रही थी, जिससे यह हादसा हुआ। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों द्वारा साक्ष्य एकत्रित कर प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि वाहन का संचालन सुरक्षित तरीके से नहीं किया गया, जिससे बच्चों की जान खतरे में पड़ गई। पुलिस ने वाहन की तकनीकी स्थिति और स्कूल प्रबंधन की जिम्मेदारी को भी जांच के दायरे में लिया है। स्कूल प्रशासन ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घायल बच्चों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। जिला प्रशासन ने भी तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। हादसे के बाद अभिभावकों और स्थानीय लोगों में चिंता और आक्रोश का माहौल है। पुलिस ने कहा है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए स्कूल बसों की नियमित जांच, प्रशिक्षित चालकों की नियुक्ति और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाएगा।

# महतारी गौरव वर्ष में मातृशक्ति को समर्पित ऐतिहासिक बजट - विभा अवस्थी

## यह बजट मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को समर्पित है - विभा अवस्थी

छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन





बैकुंठपुर,। भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में वर्ष 2026-27 का बजट प्रस्तुत होने के बाद इसे महतारी गौरव वर्ष के संकल्पों को साकार करने वाला ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत यह बजट मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और आर्थिक सशक्तिकरण को समर्पित है। यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश की माताओं, बहनों और बेटियों के आत्मविश्वास को सशक्त करने का ठोस आधार है। सरकार ने महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सुरक्षा और आर्थिक स्वावलंबन को नीति के केंद्र में रखकर समावेशी विकास का स्पष्ट संदेश दिया है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री लखपति दीदी भ्रमण योजना के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना के माध्यम से स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को राज्य एवं देश के सफल आजीविका मॉडलों का अध्ययन, प्रशिक्षण और कौशल उन्नयन का अवसर मिलेगा। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी और महिला उद्यमिता को नई दिशा प्राप्त होगी। महिलाओं के लिए सुरक्षित, सहयोगात्मक और प्रेरक वातावरण तैयार करने हेतु 250 महतारी सदनों के निर्माण के लिए 75 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। ये सदन महिला संवाद, प्रशिक्षण, परामर्श और सामाजिक सहयोग के केंद्र के रूप में विकसित किए जाएंगे, जिससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त मंच मिलेगा। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मीडिया प्रभारी प्रियंका गिरी ने कहा कि प्रदेश में 500 नए आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण हेतु 42 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इससे बच्चों, किशोरियों एवं गर्भवती माताओं को बेहतर पोपण, स्वास्थ्य सेवाएं और प्रारंभिक शिक्षा सुविधाएं मिलेंगी। सरकार का लक्ष्य कुपोषण के विरुद्ध अभियान को और अधिक प्रभावी बनाना है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सह मिडिया प्रभारी रेनू सिंह ने कहा कि रानी दुर्गावती योजना का उल्लेख करते हुए बताया कि 18 वर्ष पूर्ण करने पर पात्र बालिकाओं को 1.50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। यह सहायता उच्च शिक्षा, कौशल विकास और आत्मनिर्भर जीवन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने कहा कि यह पहल बेटियों के सम्मान और सुरक्षित भविष्य का मजबूत आधार बनेगी। उन्होंने कहा, महतारी गौरव वर्ष केवल उत्सव नहीं, बल्कि माताओं और बेटियों के स्वाभिमान, अधिकार और सशक्तिकरण का संकल्प है। यह बजट सामाजिक न्याय, समान अवसर और संवेदनशील शासन की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## जिले में आयुष्मान कार्ड महा अभियान का शुरू, पहले दिन बनाये गए 2458 कार्ड

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले में बुधवार को तीन दिवसीय आयुष्मान कार्ड महा अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अभियान का उद्देश्य जिले के समस्त विकासखंडों में उन पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें आयुष्मान भारत एवं वय वंदना कार्ड उपलब्ध कराना है, जो अभी तक इस योजना के लाभ से वंचित हैं। यह अभियान लगातार तीन दिन 28 फरवरी तक चलेगी। प्रथम दिवस में अंतिम प्राप्त आंकड़े के अनुसार लगभग 2458 आयुष्मान कार्ड का निर्माण किया गया। सीएमएचओ डॉ. कपिल पैकरा के द्वारा बताई गई जानकारी के अनुसार तीन दिवसीय चलने वाले आयुष्मान महा अभियान शिविर में माईक्रोप्लान के तहत 200 से अधिक वंचित हितग्राहियों वाले ग्राम पंचायतों पर विशेष फोकस किया गया है। महा अभियान के प्रथम दिवस में जिले की उन समस्त ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता दी गई, जहां 200 से अधिक पात्र हितग्राही आयुष्मान व वय वंदना कार्ड से वंचित थे। इन ग्राम पंचायतों को विशेष लक्ष्य मानते हुए स्वास्थ्य विभाग का समस्त अमला एवं पंचायत विभाग के कर्मचारियों के सहयोग से घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया पूर्ण कराई जा रही है। सभी विकासखंडों में अभियान की व्यापक पहुंच हेतु महा अभियान जिले के समस्त छः विकासखंडों में एक साथ संचालित किया गया है। प्रत्येक विकासखंड में पात्र हितग्राहियों तक पहुंचकर कार्ड पंजीयन करने का कार्य किया जा रहा है।विकासखंड सूरजपुर में शिवनंदनपुर, गोविंदपुर, सतपता, कुंज नगर, बसदेई, कसकेला इत्यादि,विकासखंड रामानुजनगर में ग्राम सुरता, परशुरामपुर, देवनगर, मदानेश्वरपुर आदि, विकासखंड भैयाथान में ग्राम बत्रा, बरसेगा, बनजा, लक्ष्मीपुर इत्यादि, विकासखंड ओड़गी में नवगई, बिहरपुर, अवंतिकापुर, पार्सल खोहिर एवं विकासखंड प्रतापपुर में खड़गंवा कला, सोनगरा, श्यामनगर, डांडकरवा आदि ग्राम पंचायतों में अभियान संचालित किया गया।

# निर्माण कार्य का निरीक्षण प्रशासन के साथ जनप्रतिनिधि भी करें ताकि क्षेत्र का हो चौमुखी विकास : सांसद

## दिशा समिति की हुई बैठक, की गई विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** गुरुवार को यहां जिला पंचायत सभाकक्ष में सांसद चिंतामणि महाराज की अध्यक्षता में दिशा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कलेक्टर एस. जयवर्धन की उपस्थिति मे पूर्व की दिशा निर्देशों की समीक्षा की गई, इसके पश्चात् विभागीय योजनाओं पर क्रमवार चर्चा की गई। समिति की बैठक में मूलभूत आवश्यकता की चीजें केंद्र बिंदु पर रहीं। कृषक बंधुओ ध्यानाकर्षण जैविक खेती की ओर बढ़े इस बात को लेकर विस्तृत चर्चा की गईं। सांसद श्री महाराज ने रसायनिक खेती की दुस्प्रभावों का जिक्र करते हुए जैविक कृषि पद्धति को कृषक अपनायें इस बात पर विशेष जोर दिया। उन्होने कृषि व उसके संबंध विभाग को जैविक खेती के लाभ के संबंध में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार और प्रेरित करने की बात कही ताकि कृषक बंधु रसायन रहित फसल व सब्जी का उत्पाद करने की दिशा में आगे आयें। इसके साथ ही कृषक बंधुओ को मिट्टी परीक्षण, पीएम फसल बीमा योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित करें की बात भी कही गई। बैठक में सड़क निर्माण परियोजनाओं पर चर्चा की गई। लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री सडक योजना के तहत बनने वाले निर्माणधीन सड़क गुणवत्ता पूर्ण और तय मानक में बने इसके लिए नियमित भौतिक परीक्षण पर जोर दिया गया। उन्होने सड़क योजनाओं की समीक्षा करतें हुए कहा कि शासन की ओर से स्वीकृत सड़क में होने वाले निर्माण कार्य का निरीक्षण प्रशासन के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी करें ताकि क्षेत्रवासियों को बेहतर सड़क, यातायात के लिए उपलब्ध हो सकें और क्षेत्र का चौमुखी विकास हो। सांसद ने समूह के दीदियों द्वारा चलाये जा रहे आविजिका मूलक गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी ली। दीदियों के आमदनी में बढ़ोतरी हो इस हेतु उनके व्यवसाय व उत्पाद हेतु बेहतर मार्केटिंग स्ट्रेटेजी के साथ समूह को जोड़ने की बात कही ताकि महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा मिले और ज्यादा से ज्यादा समूह "लखपति दीदी" का हिस्सा बने। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के अद्यतन वस्तु स्थिति की जानकारी ली गई। जिसमें जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिह पाटले द्वारा बताया गया कि पीएम आवास ग्रामीण अंतर्गत अब तक 72357 आवासों स्वीकृति के विरुद्ध 60236 आवास पूर्ण हुए है। जिले ने 84 प्रतिशत आवास पूर्ण करते हुए, राज्य में चौथा एवं संभाग में प्रथम स्थान हासिल किया है। वहीं विगत 2 वर्षो के आंकड़ो पर नजर डाले तो 34809 आवासों की स्वीकृति के विरुद्ध 24420 आवास अर्थात् 70 फीसदी आवास पूर्ण कर लिए है। बैठक में नगरीय निकाय क्षेत्रों में अमृत मिशन की प्रगति, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी अंतर्गत स्वीकृत एवं पूर्ण आवासों की वस्तु स्थिति, ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन, जल संसाधन विभाग अंतर्गत खरीफ एवं रबी फसल हेतु सिंचाई लक्ष्य एवं उसकी उपलब्धि, पशुपालन विभाग से डेयरी विकास योजनाओं, महिला एवं बाल विकास विभाग अंतर्गत महतारी वंदन योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, भवन निर्माण कार्य, रिक्त पदों पर भर्ती, पूरक पोषण आहार की आपूर्ति एवं जिले में उसके उत्पादन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग से हाट-बाजार क्लीनिक योजना एवं आयुष्मान भारत योजना, पीएचई विभाग अंतर्गत जल जीवन मिशन की प्रगति, शिक्षा विभाग, प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना, ई-गवर्नेंस एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के तहत डिजिटल इंडिया एवं भारतनेट परियोजनाओं, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, गैस कनेक्शन एवं इंस्टॉलेशन की स्थिति, खेल एवं युवा कल्याण विभाग अंतर्गत खेलो इंडिया योजना तथा मत्स्य पालन विभाग अंतर्गत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के प्रगति की जानकारी भी बैठक में प्रस्तुत की गई।संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुँचे, निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण किया जाए।बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कुसुमलता राजवाड़े, जनपद अध्यक्ष श्रीमती स्वाति संत सिंह, ठाकुर राजवाड़े, फुलेश्वर प्रसाद सिरदार, गुलाब सिंह, श्रीमती सुलोचनी पैकरा, श्रीमती सुकमनिया, राजेश्वर तिवारी, संजय गुप्ता, श्रीमती विनिता सिंह, शिवप्रसाद सिंह, जिला पचायत एवं जनपद सदस्य, सरपंच, एसएसपी प्रशांत ठाकुर व अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित थे।




## 10वीं बोर्ड सामाजिक विज्ञान परीक्षा अनुपस्थित रहे 245 परीक्षार्थी

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** गुरुवार को कक्षा 10वीं बोर्ड परीक्षा में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा जिले के निर्धारित 72 केन्द्रों में शांतिपूर्ण सम्पन्न हुई।

जिले में परीक्षा संचालन के लिए कुल परीक्षार्थियों की संख्या 10059 में से 9814 विद्यार्थी सम्मिलित हुए जबकि 245 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर गठित उड़नदस्ता दल के द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

जिले के समस्त परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संचालित होना पाया गया एवं किसी भी परीक्षा केन्द्र में कोई भी नकल प्रकरण सामने नही आया है।

## एकलव्य विद्यालयों में 6वीं हेतु चयन परीक्षा 1 को

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा का आयोजन 01 मार्च को 10 से 12 बजे तक किया जायेगा। जिला अंतर्गत रामानुजनगर, प्रतापपुर, प्रेमनगर, भैयाथान एवं सूरजपुर में प्रवेश चयन परीक्षा केन्द्रों का निर्धारित किया गया है।

## जीरामजी योजना से आत्मनिर्भर होंगे गांव, गरीब और किसान : कपिल

### भाजपा किसान मोर्चा ने किया श्रमिक-कृषक जनचौपाल का आयोजन



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** भाजपा किसान मोर्चा द्वारा विकसित भारत अभियान के अंतर्गत रामानुजनगर मंडल क्षेत्र में जी राम जी श्रमिक कृषक चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम छिन्दिया नर्सरी एवं जमटीहवा स्टापडेम के समीप आयोजित हुआ जहां बड़ी संख्या में किसान, श्रमिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित होकर शासन की योजनाओं की जानकारी प्राप्त किए। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला भाजपा मीडिया प्रभारी शशि तिवारी उपस्थित रहे। अपने उद्बोधन में किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष कपिल पाण्डेय ने कहा कि जी राम जी योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि पहले रोजगार योजनाएं केवल मजदूरी तक सीमित थीं, लेकिन अब जी राम जी योजना के माध्यम से जल संरक्षण, कृषि विकास और स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण कर गांवों को आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को धरातल पर उतारने का कार्य जी राम जी योजना के माध्यम से हो रहा है। इससे किसान, श्रमिक और ग्रामीण युवा सभी को सीधा लाभ मिल रहा है।उन्होंने किसानों से अपील करते हुए कहा कि गांव के विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाकर योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं।

**मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था-शशि**

पूर्व जिला मीडिया प्रभारी शशि तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि जी राम जी योजना गांवों में रोजगार, विकास और आर्थिक संपन्नता सुनिश्चित करेगी। उन्होंने बताया कि यह योजना केवल रोजगार देने तक सीमित नहीं है बल्कि ग्रामीण संसाधनों को मजबूत कर भविष्य की आर्थिक नींव तैयार करेगी।उन्होंने कहा जी राम जी योजना गांवों में विकास का नया मॉडल बन रही है, जिससे किसानों की आय बढ़ेगी और युवाओं को अपने गांव में ही रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।चौपाल के दौरान किसानों एवं श्रमिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई तथा योजना संबंधी पत्रकों का वितरण किया गया।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित जनसमूह ने सरकार की ग्रामीण विकास योजनाओं के प्रति विश्वास व्यक्त किया। भाजपा किसान मोर्चा पदाधिकारियों ने कहा कि आगे भी गांव-गांव जाकर जनचौपाल के माध्यम से योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जाएगी। इस दौरान किसान मोर्चा जिला कार्यसमिति सदस्य विजय सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सुरेश सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता शिवदयाल सिंह, जोधा सिंह, यदुनाथ सिंह, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष नारायण विश्वकर्मा सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री की मंशा को किया दरकिनार,बजट व आदेश के बावजूद नहीं हुआ सम्मान समारोह : यादवेंद्र

## 2.11 लाख की राशि की गई थी जारी, फिर भी 6 माह बाद तक नहीं हुआ आयोजन

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** प्रदेश में शिक्षकों के सम्मान और शिक्षा गुणवत्ता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से 5 सितंबर 2016 से प्रारंभ मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण योजना के क्रियान्वयन को लेकर छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष यादवेन्द्र दुबे ने प्रश्न खड़े किये हैं। श्री दुबे ने बताया कि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश, पूर्व निर्धारित तिथि और अग्रिम आबंटन के बावजूद वर्ष 2025 में शिक्षा विभाग द्वारा शिक्षक दिवस पर सम्मान समारोह आयोजित नहीं किया गया। लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ द्वारा 17 अप्रैल 2025 को जारी आदेश में सभी जिलों को 5 सितंबर को अनिवार्य रूप से समारोह आयोजित करने के निर्देश दिए गए थे। जिले को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए अप्रैल 2025 में ही कुल 2,11 लाख की राशि जारी कर दी गई थी। जिसमे 1,11 रुपये शिक्षकों को पुरस्कार वितरण और 1लाख आयोजन व्यय हेतु। शासन ने अपने निर्देशों में वित्त विभाग के मितव्ययता नियमों का पालन करते हुए तय तिथि पर कार्यक्रम सम्पन्न कराने का स्पष्ट निर्देश दिया था। इसके परिपालन में जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, ने 24 अप्रैल 2025 को विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों और प्राचार्यों को 25 अगस्त 2025 तक श्रेष्ठ शिक्षकों के प्रस्ताव भेजने के निर्देश दिए। समयसीमा में प्रस्ताव प्राप्त न होने पर 27 अगस्त को पुनः स्मरण पत्र जारी कर 31 अगस्त तक प्रस्ताव प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर दिया गया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार सभी विकासखण्डों से प्रस्ताव समय पर जमा कर दिए गए थे। इसके बावजूद शिक्षा विभाग ने 5 सितंबर 2025 को शिक्षक दिवस पर मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण समारोह का आयोजन नहीं किया गया। शिक्षक दिवस बीतने के 6 माह बाद तक सम्मान समारोह आयोजित नहीं किया जाना प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करता है। यह केवल एक प्रशासनिक चूक नहीं कही जा सकती। यह स्पष्ट रूप से जिला शिक्षा अधिकारी स्तर पर गंभीर उदासीनता और जिम्मेदारी से बचने का उदाहरण प्रतीत होता है। विडंबना यह है कि इसी वर्ष जिले के शिक्षा विभाग ने राज्योत्सव रजत जयंती कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया और गणतंत्र दिवस की झांकी में भी अव्वल रहा। उपलब्धियों का श्रेय लेने में प्रशासन अग्रणी रहा, परंतु उन्हीं उपलब्धियों के पीछे खड़े शिक्षकों को सम्मानित करने में लापरवाही बरती गई। जब शासन स्तर से समय पर बजट, स्पष्ट दिशा-निर्देश और अनिवार्य तिथि निर्धारित थी,तब कार्यक्रम न होना गंभीर प्रशासनिक शिथिलता को दर्शाता है।



अब प्रश्न यह उठता है कि आवंटित राशि का उपयोग क्यों नहीं हुआ शिक्षक दिवस जैसे महत्वपूर्ण अवसर पर योजना का क्रियान्वयन क्यों नहीं किया गया, क्या संबंधित अधिकारियों से जवाबदेही तय की जाएगी। प्रदेश में शिक्षा सुधार की प्राथमिकता को लेकर लगातार दावे किए जा रहे हैं, ऐसे में शिक्षा विभाग की यह स्थिति शासन-प्रशासन के समन्वय पर गंभीर सवाल खड़े करती है।


## कार्यालय जिला सेनानी एवं जिला अनिशमन अधिकारी नगरसेना अम्बिकापुर जिला सरगुजा ( छ0ग0 )

### नीलामी सूचना

कमांक / 233 / भण्डार / 2026 — अम्बिकापुर दिनाक 20 / 2 / 2026

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस विभाग के अन्तर्गत अम्बिकापुर जिले के निष्प्रयोज्य घोषित भण्डार सामग्रियों की नीलामी 02 / 03 / 2026 दिन सोमवार के प्रातः 11:00 बजे कार्यालयीन समय में ही सी रोड स्थित होमगार्ड कैम्प परिसर में की जावेगी। निष्प्रयोज्य घोषित सामग्रिया में होमगार्ड जवानों की वर्दी सामग्री जैसे- बूट एकल जोड़, डर्बी शू जोड़, टेरिकाट शर्ट पें,ट सफेद शर्ट, नीला फुलपेंट, टोपी, मोजा, कम्बल, दरी, ग्राउण्ड शीट, मच्छरदानी बरसातीमय टोपी, जर्सी खाकी, नीली जर्सी, अंगोला शर्ट, सलवार कुर्ता, दुपटटा, साड़ी, ब्लाउज, पेटीकोट खाकी, हाप पेन्ट, नायलोन मच्छरदानी, मोजा, ब्राउन पी.टी शू सफेद, पी.टी. शू नीली, सलवार-कुर्ता दुपटटा, साडी, ब्लाउज, पेटीकोट, कोट काम्बरेट जैकेट, टोपी बैच, कन्धा बैच, व्हीसील, लेनयार्ड, बेल्ट वेब, बेल्ट लेदर मोनो सहित, थाली स्टील किट बाक्स, केन, लाईन वेडिंग, बूट ब्रश, सिलिंग वेब, निवार पलंग, नीली टोपी, कारगो पेट मोजा, शर्ट ग्रे फुलपेंट ग्रे, टी शर्ट रेड एवं सफेद, डांगरी ओरेन्ज सभी सम्पूर्ण सामग्री एक ही लाट में नीलामी की जायेगी। इच्छुक खरीददार नीलामी तिथि के एक दिन पूर्व कार्यालयीन समय में आकर नीलामी की जाने वाली सामग्री को देख सकेंगें।

1-प्रत्येक खरीददार को बोली लगाने के पूर्व राशि रूपये 1000.00 (रूपये एक हजार) मात्र प्रतिभूति के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा। जिस खरीददार की बोली स्वीकार नहीं होगी उन खरीददार की जमा राशि वापस कर दी जायेगी ।

2-खरीददार की उच्चतम बोली पर्यवेक्षक अधिकारी द्वारा स्वीकार किये जाने पर संपूर्ण राशि जमा कर उसी दिन ही संपूर्ण सामग्रियों को उठाना होगा।

3-बोली लाट में जहां है, जितना है के आधार पर स्वीकार होगी।

4-नीलामी बोली की स्वीकृति अथया अस्वीकृति के सपूर्ण अधिकार नीलामी कमेटी की होगी।

( एस के कटुतिया )
जिला सेनानी एवं
जिला अग्निशमन अधिकारी
नगरसेना अम्बिकापुर

जी-252606893/1


# वर्षो पुरानी परंपरानुसार 3 दिन पहले जिले के महुली, कछवारी मोहरसोप व बेदमी में मनेगी होली

## अनहोनी का डर और अटूट आस्था के बीच 1 मार्च को रंगों में डूबेगा चांदनी-बिहारपुर

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर, चांदनी-बिहारपुर।** जहां पूरा देश पंचांग के अनुसार होली मनाने की तैयारी में जुटा है, वहीं सूरजपुर जिले के दूरस्थ चांदनी-बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत महुली, कछवारी और मोहरसोप, कुदरगढ़ एवं बेदमी में परंपरानुसार 3 दिन पहले यानी 1 मार्च को होली मनाई जाएगी। करीब एक सदी से अधिक समय से चली आ रही इस अनोखी परंपरा के तहत यहां पंचांग की तिथि से पूर्व ही होलिका दहन कर रंगोत्सव की शुरुआत कर दी जाती है। ग्रामीणों की मान्यता है कि यदि पूर्वजों द्वारा तय परंपरा का पालन नहीं किया गया तो गांव में बीमारी, आपदा या किसी प्रकार की अनहोनी हो सकती है।

**1917 से निभाई जा रही परंपरा**

ग्रामीणों के अनुसार यह परंपरा सन् 1917 से चली आ रही है। पीढ़ी दर पीढ़ी गांव के बुजुर्गों ने इस परंपरा को आगे बढ़ाया है। गांव में हर वर्ष बैठक कर सर्वसम्मति से तिथि तय की जाती है। होली की तिथि तय करने में गांव के बैगा की अहम भूमिका होती है। पंचांग देखने के बाद बैगा दो से पांच दिन पहले की तिथि निर्धारित करते हैं और तय दिन में होलिका दहन किया जाता है। जिसके पश्चात रंगोत्सव का पर्व गांव में मनाया जाता है।

**मां अष्टभुजी देवी से जुड़ी है मान्यता**

इस परंपरा के पीछे धार्मिक आस्था भी जुड़ी हुई है। गांव के समीप स्थित गढ़वतिया पहाड़ पर विराजी मां अष्टभुजी देवी को इसका केंद्र माना जाता है। बुजुर्गों का कहना है कि वर्षों पहले होलिका दहन के लिए एकत्र लकड़ियों में तय तिथि से पहले ही स्वतः आग लग गई थी। इसे देवी का संकेत मानकर उसी दिन होली मना ली गई। तब से यह क्रम निरंतर जारी है। ग्रामीण इसे देवी की कृपा मानते हैं और मान्यता है कि समय से पहले होली मनाने से गांव सुरक्षित रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार वर्ष 1996 में एक बार पंचांग की तिथि से विलंब से होली मनाई गई थी। इसके बाद गांव में हैजा फैल गया था। बाद में बैगा द्वारा पूजा-अर्चना और विधि-विधान से अनुष्ठान करने के बाद स्थिति सामान्य हुई। इस घटना के बाद ग्रामीणों की आस्था और प्रबल हो गई और परंपरा को और भी सख्ती से निभाया जाने लगा।

**सप्ताह भर मनाया जाता है रंगों का महापर्व**

1 मार्च को होलिका दहन के साथ ही गांव में रंगोत्सव की शुरुआत होगी। ढोलक-मंजीर की थाप पर फाग गीत गूंजेंगे। बुजुर्ग पारंपरिक अंदाज में अबीर-गुलाल लगाएंगे तो युवा डीजे की धुन पर झूमते नजर आएंगे। होलिका दहन के बाद आने वाले मंगलवार तक गांव में रंग अबीर उड़ता रहता है। आसपास के गांवों के लोग भी इस अनोखी होली को देखने और शामिल होने पहुंचते हैं।

महुली, कछवारी, मोहरसोप, कुदरगढ़ व बेदमी की यह होली केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि आस्था, सामाजिक एकता और पूर्वजों की परंपरा का जीवंत उदाहरण है। जब देश निर्धारित तिथि पर होली मनाएगा, तब तक चांदनी-बिहारपुर के ये गांव अपनी सदियों पुरानी परंपरा निभाकर रंगों से सराबोर हो चुके होंगे।

**क्या कहते है ग्रामीण**

रामधन खेरवार ने बताया, हमारे पूर्वजों ने जो परंपरा शुरू की थी, हम उसी का पालन करते हैं। मान्यता है कि समय से पहले होली मनाने से गांव सुरक्षित रहता है। जुर्रा खेरवार बैगा का कहना है, कि देवी मां की कृपा से ही गांव में शांति बनी रहती है। पंचांग देखकर तिथि तय की जाती है। पहले होली मनाना हमारे लिए आस्था का विषय है। बबुवाराम पटेल कहते है कि हम बचपन से देखते आ रहे हैं कि गांव में तीन दिन पहले ही होली खेली जाती है। इस परंपरा को निभाना हमारी जिम्मेदारी है। लालबहादुर खेरवार ने बताया, एक बार परंपरा में बदलाव हुआ था, उसके बाद गांव में बीमारी फैल गई थी। तब से कोई भी इस नियम को तोड़ने की सोचता भी नहीं है।

# सड़क सुरक्षा में रोड़ा बनने वालो पर करें सख्त कार्रवाई : चिंतामणि

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीरता दिखाते हुए सांसद चिंतामणी महाराज की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष, जिपं सदस्य, कलेक्टर एस. जयवर्धन, पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर, जिला पंचायत सीईओ विजेंद्र सिंह पाटले सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिले में निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज की प्रगति की जानकारी ली गई तथा संबंधित विभाग को निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए, ताकि आमजन को आवागमन में सुविधा मिल सके। सांसद श्री महाराज ने यातायात सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जिले में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए जनजागरूकता के साथ-साथ सख्त कार्रवाई भी आवश्यक है। दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। नशा कर वाहन चलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे लोग न केवल स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हैं, बल्कि दूसरों की जान को भी खतरे में डालते हैं। बैठक में जिले के चिन्हित ब्लैक स्पॉट पर आवश्यक सुधारात्मक कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत सड़क निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, क्षतिग्रस्त पुल-पुलियों की शीघ्र मरम्मत तथा आवश्यकतानुसार नए निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर कलेक्टर ने बताया कि जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर विभिन्न विभागों के माध्यम से समन्वित प्रयास किए जा रहे हैं। ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन, संकेतक बोर्डों की स्थापना एवं सड़क मरम्मत कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आमजन की सहभागिता से ही सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यातायात नियमों के उल्लंघन पर नियमित रूप से चालानी कार्रवाई की जा रही है। नशा कर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाएगा। साथ ही स्कूल, कॉलेज एवं सार्वजनिक स्थलों पर यातायात जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को नियमों के प्रति सजग किया जाएगा।




बैठक में सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि सड़क सुरक्षा के संबंध में निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जाएं।

सरगुजा फ्रंटलाइन

संपर्क करें
समाचार, ईश्तहार, विज्ञापन हेतु संपर्क करें।
दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन
गौरव पथ, गुरूद्वारा के पास बाबूपारा अम्बिकापुर
मो. 7566950555
9713108088

# पण्डो ग्रामीणों की भूमि पर धर्म विशेष के बाहरी लोगों का कब्जा

## पार्षद की शिकायत पर कमिश्नर ने सरगुजा कलेक्टर को जांच का दिया निर्देश



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा जिले के लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत माजा के राजाकटेल बस्ती में विलुप्त राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र पंडो जनजाति की जमीन पर झारखंड, बिहार, बंगाल से आए धर्म विशेष के द्वारा जबरन जमीन कब्जा कर घर निर्माण करने बावत संभागायुक्त का ध्यान आकर्षित वरिष्ठ पार्षद आलोक दुबे ने कराया है, जिस पर उन्होंने जांच, कार्रवाई का निर्देश सरगुजा कलेक्टर को दिया है।

वरिष्ठ पार्षद ने संभागायुक्त को अवगत कराया था कि विलुप्त जनजाति पण्डो, राष्ट्रपति के दत्तक पुत्र कहलाते हैं। ऐसे ही अनुसूचित जनजाति बहुल समाज के लोग लखनपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम माजा में निवासरत हैं। ग्राम पंचायत का सरपंच गणेश पंडो है। पंचायत का ही एक टोला राजाकटेल है, यहां 12 पंडो जनजाति के लोग कई पीढ़ियों से निवास करते आ रहे हैं। इनकी सरगुजा सेटलमेंट एवं सरकार से शासकीय पट्टे पर मिली जमीन पर झारखण्ड, बिहार एवं बंगाल से आकर धर्म विशेष के लोग कब्जा करके बैठे हैं, जो बकरी, ताबीज एवं चूड़ी मनिहारी बेचने के नाम पर इस गांव में आए और सरगुजा सेटलमेंट, शासन से प्राप्त पट्टे जिनके पास थी, उनको डरा-धमकाकर, शराब पिलाकर अधिकांश जमीनों को स्टाम्प पर 50 साल, 30 साल के लीज पर लिखवा लिए हैं। बताया गया है कि राजाकटेल ग्राम में करीब 500 मुसलमान परिवार घर बनाकर पंडो ग्रामीणों की जमीन पर बस गए हैं। वरिष्ठ पार्षद ने कहा है कि पंडो जनजाति की संख्या लगातार पूरे देश एवं प्रदेश में कम होती जा रही है। इनके अस्तित्व को बचाए रखना जरुरी है। ऐसे में इनके जमीन की वापसी की पहल जरूरी है। उन्होंने राजस्व अधिकारियों की टीम बनाकर मामले की जांच कराने और पंडो जनजाति की जमीन को बाहरी धर्म विशेष के लोगों से मुक्त कराने का आग्रह किया है।

### प्राकृतिक रंगों से महकेगी होली, 'हर्बल गुलाल' को सराहा सांसद ने

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** होली के पावन पर्व पर रंगों के उत्सव को सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल बनाने के लिए सरगुजा जिले के 'बिहान' (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन) के तहत स्व-सहायता समूह की महिलाएं इस वर्ष भी भारी मात्रा में हर्बल गुलाल तैयार कर रही हैं। सांसद ने महिलाओं के इस इको-फ्रेंडली रंगों की सराहना करते हुए नगर वासियों से स्वदेशी और प्राकृतिक रंगों के साथ होली मनाने की अपील की है।

बिहान योजना अंतर्गत कार्यरत अंबिकापुर विकासखण्ड के राधे कृष्ण स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्बल गुलाल का निर्माण किया जा रहा है। समूह की महिलाएं गेंदे के फूल, पलाश के फूल, चुकंदर, पालक भाजी, हल्दी, चंदन, बेसन सहित अन्य प्राकृतिक सामग्री से रंग तैयार कर रही हैं। इन रंगों के निर्माण में किसी भी प्रकार के रासायनिक पदार्थ का उपयोग नहीं किया जा रहा है, जिससे यह पूर्णत: प्राकृतिक एवं सुरक्षित है।

## सड़क हादसे में उपसरपंच सहित 4 की दर्दनाक मौत



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** दो अलग-अलग सड़क हादसे में सहित 4 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। जहां एक ओर सरगुजा के बतौली थाना क्षेत्र में बाइकों की टक्कर में भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष व ग्राम पंचायत के उपसरपंच एवं उनके साथी ने दम तोड़ दिया, वहीं सूरजपुर जिले में दो बाइकों की टक्कर में घायल सवारों की मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात 8.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग-43 में शांतिपारा पुलिया के पास आमने-सामने 2 बाइकों की भिड़ंत में ग्राम पंचायत पोकसरी निवासी उपसरपंच कमला प्रसाद उर्फ संजय यादव पिता मोतिया यादव, 32 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई थी, घायल ग्राम पोकसरी कुडोपहरी निवासी राजू सिंह पैकरा पिता ईश्वर सिंह पैकरा 21 वर्ष का बायां पैर टूट गया था, और गंभीर चोटें आई थी। वहीं दूसरे बाइक में सवार बतौली कालीपुर निवासी 35 वर्षीय प्रमोद पिता बरतू कुजूर का भी पैर टूट गया। घायलों को क्षेत्रीय अस्पताल से रिफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान गंभीर रूप से घायल राजू सिंह पैकरा की गुरूवार को दोपहर करीब 12 बजे मौत हो गई।

बताया जा रहा है कि भाजपा किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संजय यादव अपने साथी राजू सिंह के साथ घर जा रहे थे, इनकी टक्कर सामने से आ रहे तेज रफ्तार पल्सर मोटरसायकल सवार से हो गई थी। संजय यादव की मौके पर मौत के बाद घायल दोनो युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बतौली लाया गया, लेकिन यहां आपात स्थिति में घायलों का इलाज करने के लिए कोई डॉक्टर भी मौजूद नहीं मिले। इसके बाद दोनों घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल भिजवाया गया। उपसरपंच व उनके साथी की मौत से ग्रामीणों व भाजपा के कार्यकर्ताओं के बीच शोक का माहौल है।

### सूरजपुर जिले में भी बाइकों की टक्कर में दो की मौत

सूरजपुर जिला के पंक्षीडांड़, मुख्य मार्ग में बाइकों की आमने-सामने हुई टक्कर में सूरजपुर जिला के ग्राम सौतार निवासी 21 वर्षीय छात्र रितिक बेक पिता बिन्दरेश बेक 21 वर्ष और बलरामपुर जिला के राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम सेवारी निवासी विनोद कुमार तिरखाई पिता मानसाय 36 वर्ष की मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लाते तक मौत हो गई। मृतक के पिता ने बताया कि रितिक बेक 25 फरवरी को घर से गेरवामुड़ा, मदननगर जाने की बात कहकर घर से मोटरसायकल में निकला था। वहीं दूसरे बाइक में सवार विनोद कुमार तिरखाई घटना दिनांक को बाइक से अंबिकापुर आया था। वापस जाते समय ग्राम पंछीडांड, मुख्य मार्ग में तेन्दू के पेड़ के पास आमने-सामने हुई बाइकों की भिड़ंत में वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। दोनों घायलों को संजीवनी एम्बुलेंस से स्वजन मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां आपातकालीन चिकित्सा परिसर में जांच के बाद चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। अस्पताल से मिली सूचना पर पुलिस ने मृतकों के शव को मर्च्युरी में रखवाया था। मृतकों की पहचान नहीं होने के कारण पुलिस संशय में रही। मौके पर मोबाइल फोन मिला था, जो हादसे में बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। ऐसे में पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों के नम्बर को खंगालकर मोबाइल नम्बर हासिल किया, और इनके स्वजनों तक हादसे की सूचना पहुंचाई, इसके बाद वे अस्पताल पहुंचे और कोहराम जैसी स्थिति बन गई।

## एकल परिवार से समाज खंडित हो रहा, संयुक्त परिवार से बच्चों को रिश्ते व संस्कारों का होता है ज्ञान



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय सुभाषनगर में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी 'विकसित भारत के निर्माण में पंच परिवर्तन की भूमिका पर किया गया। प्रथम दिवस मुख्य वक्ता टोप लाल वर्मा प्रान्त संचालक राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, देवनारायण साहू संगठन मंत्री विद्या भारती, मुख्य अतिथि सुभाषचंद्र अग्रवाल अध्यक्ष सरस्वती शिशु मंदिर समिति, राजरूप छाजेड व्यवस्थापक, प्रतिमा त्रिपाठी सह व्यवस्थापक, डॉ. आशीष तिवारी प्राचार्य शासकीय महाविद्यालय जरही, डॉ. राम आशीष तिवारी, सहायक प्राध्यापक, विशाल गुप्ता सहायक प्राध्यापक प्राणीशास्त्र, सविता सिंह रहे। महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष रानी रजक ने कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। मुख्य वक्ता टोपलाल वर्मा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेमिनार की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा भारत युवाओं का देश है, युवा चाहे तो समाज में, देश में कोई भी परिवर्तन ला सकता है। हमारी अर्थव्यवस्था में तेजी से विकास हो रहा है, निश्चित ही हमारा देश 2047 तक विकसित भारत बनेगा। जाति, धर्म, अमीरी-गरीबी के कारण हमें भेदभाव नहीं करना चाहिए, सभी को एक समान तथा एक नजर से देखना चाहिए। उन्होंने परिवार के बारे में बताते हुए कहा कि पहले भारतीय संस्कृति में संयुक्त परिवार हुआ करते थे, आज पाश्चात्य संस्कृति को अपनाते हुए लोग एकल परिवार की तरफ अग्रसर हो रहे हैं, जिससे हमारा समाज खंडित हो रहा है। यदि एक बच्चा संयुक्त परिवार में रहता है, तो उसे रिश्ते एवं संस्कारों का ज्ञान होता है, वहीं यदि बच्चा एकल परिवार में रहे तो वे संस्कारों एवं रिश्तों से वंचित रह जाते हैं। अंत में उन्होंने कहा पंच परिवर्तन को समाज में अपनाकर हम देश को विकास की ओर ले जा सकते है। देवनारायण साहू ने अपने उद्बोधन में पंच परिवर्तन में योग के महत्व सहित अन्य महत्वपूर्ण बातों पर प्रकाश डाला। राज रूप छाजेड ने समाज में बदलाव करने के लिए पहले स्वयं को बदलने की बात कही। सुभाष अग्रवाल ने पंच परिवर्तन के बारे में बताते हुए कहा कि समाज में जाति, वर्ग, भाषा, धर्म आदि के आधार पर विभाजन देखने को मिलता है। सामाजिक समरसता का उद्देश्य इन भेदभावों को समाप्त कर आपसी प्रेम, भाईचारा और समानता की भावना विकसित करना है। उन्होंने जल का आवश्यकता अनुरूप उपयोग और प्लास्टिक का उपयोग करने से बचने का आग्रह किया। तत्पश्चात बीएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रेजेंटेंशन दिया गया। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रद्धा मिश्रा ने कार्यक्रम के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने कहा यह संगोष्ठी भावी शिक्षक के लिए बहुत ही आवश्यक है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की सहायक प्राध्यापक प्रियलता जायसवाल, उर्मिला यादव, मिथलेश कुमार गुर्जर, सुप्रिया सिंह, सविता यादव, सीमा बंजारे, पूजा रानी, ज्योत्सना राजभर, अर्चना सोनवानी, गोल्डन सिंह, अजीत सिंह परिहार, नितेश कुमार यादव, सुन्दरराम एवं बीएड के प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति रही।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में लटका ताला, शासन की अनदेखी से कार्यकर्ताओं में आक्रोश

### कहा-जब काम करने योग्य नहीं रहेंगे, तो घर-परिवार के बीच कैसे होगा बसर

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संयुक्त मंच के आह्वान पर सरगुजा जिले में दो दिवसीय हड़ताल 26 फरवरी को शुरू हो गई है। तीन सूत्रीय प्रमुख मांगों को लेकर इन्होंने अंबिकापुर स्थित एसबीआई शाखा के सामने धरना-रैली कर हुंकार भरी और शासन का इस ओर ध्यान आकर्षित कराया है। इससे सरगुजा के 2250 आंगनबाड़ी केंद्रों में ताला लटकने की नौबत बन गई है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कहा शासन के महत्वपूर्ण कार्यों में भागीदारी के बाद भी उनकी अनदेखी लम्बे समय से की जा रही है। गर्भवती माताओं, बच्चों, बालिकाओं के लिए समर्पित रहने के बाद भी खाली हाथ कार्यमुक्त होने की स्थिति बनेगी। इन्होंने कहा जब वे काम करने के योग्य नहीं रहेंगे, तो घर-परिवार के बीच उनका कैसे गुजर-बसर होगा, इसकी चिंता सरकार को नहीं है।



संयुक्त मंच ने प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी तथा प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े के नाम कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि देश में आईसीडीएस योजना को 50 वर्ष पूरे हो चुके हैं। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाएं घर-घर जाकर महिला एवं बाल विकास विभाग की योजनाएं पहुंचा रही हैं। कोविड महामारी, निर्वाचन कार्य और सर्वे जैसे अतिरिक्त दायित्व भी निभाए गए। इसके बावजूद कार्यकर्ताओं को प्रतिमाह 4500 रुपये और सहायिकाओं को 2250 रुपये मानदेय दिया जा रहा है, जिसे उन्होंने जीवनयापन के लिए अपर्याप्त बताया। वर्ष 2018 के बाद से केंद्र सरकार द्वारा मानदेय में कोई वृद्धि नहीं होने का भी उल्लेख किया गया है। इनकी तीन प्रमुख मांगों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करना, शासकीयकरण तक कार्यकर्ता को 26 हजार रुपये और सहायिका को 22,100 रुपये मासिक वेतन स्वीकृत करना, साथ ही प्रतिवर्ष वृद्धि की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा के तहत सेवानिवृत्ति पर पेंशन, ग्रेच्युटी, समूह बीमा और कैशलेस चिकित्सा सुविधा प्रदान की जाए।

### विधानसभा का घेराव 9 मार्च को

संयुक्त मंच ने चेतावनी दी है कि 08 मार्च तक मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 9 मार्च को प्रदेशभर की लगभग एक लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाएं रायपुर पहुंचकर विधानसभा का घेराव करेंगी। जिला अध्यक्ष अनूप कुशवाहा, भुनेश्वरी और शैल बानो ने बताया कि हड़ताल के दौरान जिले के विभिन्न स्थानों पर रैली और प्रदर्शन किया जाएगा।

# प्रधानमंत्री से सरगुजांचल में रेलवे विस्तार व सुविधाओं के विस्तार की मांग

## समाजसेवी पहुंचे दिल्ली, प्रधानमंत्री और रेल मंत्री के कार्यालय में ज्ञापन सौंपा

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** सरगुजा अंचल में रेलवे विस्तार व सुविधाओं को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता सुजान बिंद ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रेल मंत्री के कार्यालय में मांग पत्र सौंपा। इसमें उल्लेख किया गया है कि देश को आजाद हुए 78 वर्ष हो गए, किंतु सरगुजा में रेलवे का विस्तार नहीं हो पाया है। आजादी के पूर्व अंग्रेजों ने सरगुजा में रेलवे की विस्तार की आवश्यकता महसूस करते हुए चिरमिरी से बरवाडीह तक का सर्वे कराया था, जिसके अवशेष आज भी देखने को मिल जाते हैं। उन्होंने उल्लेख किया है कि सरगुजा अंचल में रेलवे विस्तार और सुविधाएं की कमी के कारण सरगुजा अंचल का समग्र विकास नहीं हो पा रहा है। ऐसे में भटगांव से म्योरपुर (रेणुकूट) 94 किलोमीटर व परसा केते से कटघोरा (कोरबा) 75 किलोमीटर को रेलवे लाइन से जोड़ा जाना चाहिए। इसके अलावा अंबिकापुर से व्हाया कटनी, प्रयागराज होते हुए अयोध्या तक, अंबिकापुर से कटनी व्हाया मिर्जापुर, मुगलसराय होकर पटना तक रेल चलाने, दुर्ग से हजरत निजामुद्दीन को जाने वाली छत्तीसगढ़ संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को 3 दिन दुर्ग से व 3 दिन अंबिकापुर से चलाने, अंबिकापुर से दुर्ग और जाने वाली ट्रेन को नागपुर (महाराष्ट्र) तक व अंबिकापुर से प्रात: रायपुर के लिए इंटरसिटी ट्रेन चलाने, चिरमिरी से रीवा चलने वाली ट्रेन को अंबिकापुर से चलाने, सरगुजा संभाग के सभी जिलों को रेलवे से जोड़ने, पूर्व की भांति अनूपपुर से अंबिकापुर सुबह 10.30 बजे जाने वाली मेमो ट्रेन को पुन: प्रारंभ करने, बोगियों की साफ-सफाई हेतु 7 ट्रेक वाले करंजी में वाशिंग पीट की स्थापना करने, जयनगर रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाईओवर का निर्माण करने, अंबिकापुर रेलवे स्टेशन का नामकरण करते हुए महाकवि कालिदास टर्मिनल रखने, अंबिकापुर में एकमात्र (डाउन) प्लेटफार्म को देखते हुए एक अप प्लेटफार्म का निर्माण कराने की मांग की गई है।



### हृदय रोग जांच कैंप कल

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम चिरायु अंतर्गत जिला स्तरीय स्वास्थ्य शिविर का आयोजन 28 फरवरी को सुबह 10 बजे से 100 बिस्तरीय मातृ एवं शिशु अस्पताल जिला चिकित्सालय अंबिकापुर में हृदय रोग जांच कैंप का आयोजन किया जाएगा। इसमें एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के कार्डियोलॉजिस्ट विशेषज्ञों व चिकित्सक दल उपस्थित रहेंगे। हृदय रोग से संबंधित बच्चे शिविर स्थल में उपस्थित होकर नि:शुल्क स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### बीमार युवक की अस्पताल लाते तक हो गई मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** बुखार और दर्द से पीड़ित युवक की अस्पताल लाते तक मौत हो गई। पुलिस ने संदेह निवारण के लिए मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराया है।

जानकारी के मुताबिक बलरामपुर जिला के रघुनाथनगर थाना अंतर्गत ग्राम पहाड़डीह का श्यामधारी पिता शिवनाथ अगरिया 23 वर्ष को पांच दिन से बुखार, हाथ-पैर और सीने में दर्द की शिकायत थी। तकलीफ अधिक बढ़ते देखकर स्वजन उसे संजीवनी 108 एम्बुलेंस से वाड्रफनगर स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे, यहां से इलाज के बाद रेफर करने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर लेकर पहुंचे, यहां जांच के बाद चिकित्सक ने रात 10.20 बजे उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद स्वजन के सुपुर्द कर दिया है।

## दिल्ली में डी-लिस्टिंग गर्जना महारैली को लेकर बतौली में हुई कार्यशाला




**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** डी-लिस्टिंग जनजाति गर्जना महारैली की तैयारी को लेकर जनजाति सुरक्षा मंच बतौली द्वारा खंड स्तरीय एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन बतौली में किया गया। कार्यशाला का उद्देश्य जनजाति समाज के संवैधानिक अधिकारों की रक्षा तथा डी-लिस्टिंग के मुद्दे को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाने की रणनीति तैयार करना रहा। कार्यशाला में उपस्थित जनजाति सुरक्षा मंच जशपुर के प्रांत सह संयोजक इन्दर भगत ने कहा कि डी-लिस्टिंग का विषय जनजातीय समाज के अस्तित्व, अधिकार और पहचान से जुड़ा हुआ है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भागीदारी इस आंदोलन की सफलता के लिए अनिवार्य है। कार्यशाला के दौरान महारैली की रूपरेखा, यात्रा, प्रचार-प्रसार की रणनीति, जनसंपर्क अभियान तथा अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को ग्राम स्तर तक संपर्क करके लोगों को जागरूक करने और अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिला संयोजक बिहारीलाल उरांव ने जिला स्तर की तैयारियों का जिक्र करते हुए कहा कि सांसद बाबा कार्तिक उरांव ने इस विषय को सबसे पहले उठाया, बाद में जनजाति सुरक्षा मंच इस विषय को लेकर सड़क से लेकर संसद तक उठा रहा है। संगठन इस अभियान को पूरा कराने हेतु दृढ़ संकल्पित है। संरक्षक देवनाथ पैंकरा ने समाज से एकजुट होकर महारैली में भाग लेने का आव्हान करते हुए कहा कि समाज की एकता ही सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर इस गर्जना महारैली को ऐतिहासिक एवं सफल बनाएं। कार्यशाला को संरक्षक जवाहर खलखो ने भी संबोधित किया। कार्यशाला का संचालन रज्जू राम एवं आभार प्रदर्शन संयोजक कलमू लड़का ने किया। कार्यशाला में राजेंद्र पैकरा, श्रीराम भगत, राम कैलाश पैकरा, आदिया राम, करमचंद सिंह, सबल साय, बिंदेश्वर भगत, ढोलाराम विनोद पैंकरा, दीपक, सुपारस, जयकरण सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, विष्णु गुप्त, श्रवण कुमार, पारस सचिन भगत, रामबिहारी पैकरा, मनोज, विकाश लकड़ा, अभय प्रकाश, रामदेव पैकरा, भारत राम, जयकरण सिंह, सुरेंद्र कुमार, निरंजन मिंज, गणेश राम, सी.एल. उइके, अमृत राम, संदीप लकड़ा, चंदर लाल मिंज, सतानंद, पूनमचंद उपस्थित रहे।

## पतंजलि योग समिति के राज्य प्रभारी ने योग सत्र का किया संचालन

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ के राज्य प्रभारी मनोज पाणीग्राही ने 26 फरवरी को सुबह 5.30 से 7.30 बजे तक दुर्गा मंदिर में नियमित योग कक्षा में योग सत्र का संचालन किया। इस दौरान सह राज्य प्रभारी कमलेश योगी भी उपस्थित रहे। राज्य प्रभारी के द्वारा योगिग जागिंग के बारह अभ्यास, सूर्य नमस्कार, विभिन्न आसन का प्राणायाम कराया और बताया कि योग वर्तमान समय में तन ही सबसे बड़ा धन है, इसे स्वस्थ रखना सबसे बड़ा जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा हम स्वस्थ होंगे तभी देश भी स्वस्थ रहेंगा। सुबह की दिनचर्या, भगवान, योग, आयुर्वेद, स्वदेशी से प्रारंभ होना चाहिए। वर्तमान समय में सभी समस्या का एकमात्र समाधान योग है, इसे सभी को अपनाना चाहिए, तभी हम देश ही नहीं अपितु पूरे विश्व को रोगों, अपराध, नशा, वासना, रसना, भोग-विलासिता से बचा सकेंगे। योग को आने वाले दिनों में जन-जन तक पहुंचाने का लक्ष्य है।



उन्होंने कहा योग शिविर एवं 25 दिवसीय सहयोग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से अभियान के तहत कार्य करना है और सरगुजा में नवीन दायित्व देकर संगठन का विस्तार किया जाएगा, नये साधकों के साथ विचार विमर्श कर इसे गति दिया जाएगा। सत्र के दौरान आजीवन सदस्य रमाशंकर सिंह, वरिष्ठ योग शिक्षक संजय श्रीवास्तव, डॉ. दिनेश सिंह, वरिष्ठ योग शिक्षक अम्बिका शुक्ला, पतंजलि जिला प्रभारी रवि भूषण गुप्ता, कलेनदर जायसवाल, ललिता श्रीवास्तव, मंगलेश श्रीवास्तव, कृष्णा ठाकुर, राकेश मिश्रा, विकास पांडेय सावित्री गुप्ता, रीमा मिश्रा उपस्थित रहे।

Since 2003
Based on CBSE Syllabus
Admission Open
Nursery to 10th
Milestones School
English Medium
Add. : Behind Central Bank Gudri Chowk, Ambikapur Mob. 9826190902
Office Time : 10 AM to 2 PM

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक- मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व आफसेट पुराना पोस्ट ऑफीस रोड दरीपारा अम्बिकापुर पिन नं. 497001 (छत्तीसगढ़) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-रणविजय सिंह तोमर